इसका उदाहरण जर्मनी में मिला। जर्मनी ने पाया कि उनके देश में लड़कियां यूं तो पढ़ाई में किसी से कम नहीं हैं, लेकिन विज्ञान और गणित जैसे विषयों से उनकी दूरी रह जाने के चलते उसके उद्योग-धंधों पर बुरा असर पड़ रहा है। इसलिए उसने बाकायदा अभियान चलाकर इस समस्या को हल किया। जर्मनी में लड़कियों को विज्ञान और गणित जैसे विषयों की ओर आकर्षित करने के लिए कक्षा 10 से ही उन पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। जर्मनी में लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूलों में गर्ल्स डे का आयोजन किया जाने लगा तो दूसरी तरफ ऐसी समर यूनिवर्सिटी चलाई गईं, जिनमें लड़कियों की शिक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। इन उपायों से लड़कियों की आवक विज्ञान और गणित जैसे विषयों में बढ़ने लगी।

साइंस साइटेशन इंडेक्स (एससीआइ) जर्नल में प्रकाशित एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश के शोध और विकास (आरएंडडी) सेक्टर में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिशत सिर्फ 15 है। शीर्ष वैज्ञानिक पद और लीडर के रूप में हमारे देश में महिलाओं की अनुपस्थिति का अभिप्राय यह नहीं है कि महिलाएं ऐसे क्षेत्रों में आना नहीं चाहती हैं, बल्कि यह है कि इन क्षेत्रों में महिलाओं के काम करने लायक माहौल नहीं बनाया गया है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन और राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस जैसे मंचों पर ऐसे अभाव के बारे में गंभीरता से विमर्श होना चाहिए।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

मेलबाक्स

कार्रवाई पर संदेह क्यों

संजय गुप्त द्वारा लिखित 'शिकंजा कसते रहने की जरूरत' आलेख पढ़ा। लेखक ने हाल ही में पुलवामा में हुए आतंकी हमले तथा उसके बाद उपजे हालात का बड़ी सूक्ष्मता तथा गंभीरता से विश्लेषण किया है। उन्होंने न केवल भारतीय प्रयासों, अपितु अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग तथा भारत सरकार द्वारा विभिन्न अवसरों पर अपनाई गई कूटनीति का भी गंभीरता से विश्लेषण किया है। निःसंदेह आज आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती बन गया है जिसके मूल में कहीं ना कहीं पाकिस्तान की भूमिका है। आतंकवाद की समस्या से सबसे अधिक भारत प्रभावित रहा है। पड़ोसी मुल्क आतंकवाद को पनाह देकर समय-समय पर भारत में अशांति तथा अव्यवस्था फैलाने का प्रयास करता रहा है। पुलवामा आतंकी हमला भी उसी कड़ी में एक है। इस हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई निश्चित रूप से सराहनीय तथा आवश्यकतानुसार किया गया कार्य है, किंतु इससे यह मान लेना कि अब भविष्य में और आतंकवादी घटनाएं पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित नहीं होंगी, यह सही नहीं होगा। पुलवामा के बाद भी लगातार सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन करते हुए लगातार गोलीबारी की जा रही है, सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे सामान्य नागरिकों तथा सैनिकों को निशाना बनाया जा रहा है। देश के कुछ नेता तथा राजनीतिक दल सरकार की आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई को अलग-अलग नजरिए से देख रहे हैं। क्या आज यह जरूरी नहीं है कि इस बात पर विचार किया जाए कि आखिर आतंकवाद के विरुद्ध अभियान छेड़ने में पूर्व की सरकारों ने ढिलाई क्यों बरती? क्यों आज भी ये विपक्षी दल पाकिस्तान तथा आतंकवादियों के रहनुमा जैसे दिखाई दे रहे हैं? क्यों इन्हें भारत सरकार की आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों में संदेह होता है? आज यह नितांत आवश्यक है कि देश का जन-जन इन मुद्दों पर विचार करे और सरकार लगातार पाकिस्तान पर तमाम दबाव बनाए रखने के साथ-साथ मजबूत सैनिक कार्रवाई करती रहे।

डॉ. वेदप्रकाश, हंसराज कॉलेज, दिल्ली

पाक में हास्यास्पद मांग

पाकिस्तान की संसद में प्रधानमंत्री इमरान खान को नोबेल का शांति पुरस्कार दिलाने की मांग का जोरशोर से उठना बेहद हास्यास्पद है। विंग कमांडर अभिनंदन की रिहाई को पाकिस्तान में इमरान की दरियादिली के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। पाकिस्तानी राजनेताओं को लगता है कि विश्व शांति के लिए यह कदम एक अभूतपूर्व पहल है, जबकी अभिनंदन की वतन वापसी किसी की खैरात नहीं है, यह अंतरराष्ट्रीय दबाव और भारतीय कूटनीति का परिणाम है। एक तरफ जहां 72वर्षों में भी पाकिस्तान में शांति बहाली की कोई सूक्ष्म कोशिश भी नहीं की गई हो वहां से शांति का नोबेल पुरस्कार की मांग उठना कितना बचकाना है। सारी दुनिया में आतंक का आका कहा जाने वाला पाकिस्तान शायद यह भूल रहा है कि दुनिया भर के देश उससे पोषित आतंक के कारण परेशान हैं। अगर वास्तव में इमरान को अमन बहाल करना है तो वे आतंकी आकाओं का खात्मा करने में भारत का सहयोग करें और अपनी नीयत और नीतियों में बदलाव करें, ताकि वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की बेहतर तस्वीर बन सके ।

राजकुमार हंस, पलवल

रिश्ते रातों-रात नहीं बदलते

मुस्लिम बहुल 57 देशों के समूह इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआइसी) के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में भारत को विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर पहली बार बुलाया जाना निःसंदेह भारत की विदेश नीति की बड़ी सफलता है। इस मंच से विदेश मंत्री ने आतंकवाद पर जिस प्रकार प्रहार करते हुए उसके विरुद्ध सामूहिक पहल की जरूरत पर बल दिया, वह बड़ी बात है। लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध रातों-रात बदला नहीं करते। यह उस वक्त जाहिर हो गया जब पाकिस्तान द्वारा इस बैठक का बहिष्कार किए जाने के बावजूद इसमें जम्मू-कश्मीर पर प्रस्ताव पारित किया गया और उसमें पाकिस्तान के रुख का समर्थन किया गया। उल्लेखनीय है कि ओआइसी की बैठकों में पाकिस्तान हमेशा से कश्मीर और भारत में मुसलमानों के कथित मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित प्रस्तावों को पारित करवाता रहा है। हां, इस बार इतना अवश्य हुआ है कि भारत और पाकिस्तान के बीच शांति प्रक्रिया से संबंधित प्रस्ताव की भाषा कुछ हद तक नरम है।

chandankarn9470@gmail.com

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 23359961-62, नोएडा कार्यालय : 0120-3915800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।

नहीं सुधरेगा पाकिस्तान

विंग कमांडर अभिनंदन की रिहाई को भले ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी भलमनसाहत कहा हो, पर उनका और उनकी सेना का इरादा भारत के साथ अमन-चैन से रहने का कतई नहीं है. जम्मू-कश्मीर से लगी नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी सेना की लगातार गोलाबारी यही इंगित करती है. पुलवामा की घटना के बाद अहम देशों और वैश्विक मंचों से भारत को मिला व्यापक समर्थन उसे रास नहीं आ रहा है. पाकिस्तानी धरती पर बने आतंकी गिरोह जैशे-मोहम्मद के ठिकाने को निशाना बना कर भारत ने यह भी जता दिया है कि उसके सब्र का बांध टूट चुका है. बौखलाहट में जब पाकिस्तान ने लड़ाकू विमानों के जरिये घुसपैठ की कोशिश की, तो उसे करारा जवाब मिला. विंग कमांडर अभिनंदन के मामले में भी उसे भारतीय कूटनीति क्षमता और अंतरराष्ट्रीय दबाव के सामने झुकना पड़ा. पाकिस्तान को यह बखूबी पता है कि न तो युद्ध में और न ही कूटनीति में वह भारत का सीधा सामना कर सकता है. ऐसे में उसके पास आतंक, घुसपैठ और युद्धविराम के उल्लंघन की पुरानी नीति पर लौटना पड़ा है. अगर यह मान भी लिया जाए कि इमरान खान दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य करना चाहते हैं, तो फिर उनकी कथनी और करनी में इतनी बड़ी खाई क्यों है? आज दुनिया उनसे यही सवाल पूछ रही है कि पुलवामा हमले के बाद उन्होंने आतंकी गिरोहों और सरगनाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की? कश्मीर में आतंकवादियों और अलगाववादियों के पक्ष में बयान लगातार क्यों आते रहे? आखिर किसकी शह पर आतंकी अब भी सक्रिय हैं? सबसे बड़ा सवाल यह है कि पाकिस्तानी सेना द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के सिलसिले को रोकने के लिए उन्होंने क्या पहलकदमी की है? दरअसल, इमरान खान भी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह भारत में अस्थिरता और अशांति फैलाने की नीति पर चल रहे हैं. ऐसा ही पाकिस्तान अपने अन्य पड़ोसी देशों- अफगानिस्तान और ईरान- के साथ भी कर रहा है. पिछले साल युद्धविराम के उल्लंघन की करीब तीन हजार घटनाएं हुई हैं. पुलवामा के बाद तनाव के युद्ध में बदल जाने की आशंकाओं के बाद भी इनमें कमी नहीं आ रही है. कश्मीर के भीतर अपने घटते प्रभाव से भी पाकिस्तान बेचैन है. पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेना के 111 रिक्त पदों के लिए लगभग तीन हजार कश्मीरी युवकों का आवेदन इंगित करता है कि कश्मीरी युवा शांति और सुरक्षा के साथ देश की मुख्यधारा के साथ विकास की राह पर बढ़ने का आकांक्षा रखता है. कुछ दिनों पहले संपन्न पंचायत चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था. रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधाओं, खेल-कूद आदि से जुड़ीं सरकारी पहलों में कश्मीरी जनता की भागीदारी बढ़ रही है. इन प्रयासों को पाकिस्तानी सरकार और सेना आतंक, अलगाव और हमलों से कमजोर करना चाहते हैं ताकि लोगों को गुमराह कर सकें. ऐसे में भारत को कश्मीर में और सीमा पर चौकस और आक्रामक बने रहने की आवश्यकता है.

पाकिस्तान को यह बखूबी पता है कि न तो युद्ध में और न ही कूटनीति में वह भारत का सीधा सामना कर सकता है.

सैन्य कार्रवाई की नयी लक्ष्मण रेखा

विंग कमांडर अभिनंदन की सकुशल वापसी से पूरा देश प्रसन्न है. होना भी चाहिए. अभिनंदन ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारतीय सीमा में घुसे पाकिस्तान के एफ-16 विमान को मार गिराया था, लेकिन इस संघर्ष में उनका मिग-21 विमान भी गिर गया और वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जा पहुंचे. पाकिस्तानी सेना ने उन्हें बंधक बना लिया, लेकिन भारतीय व अंतरराष्ट्रीय दबाव काम आया और आखिरकार वह रिहा हो गये. जांबाज सैनिक की वापसी को पाकिस्तान ने काफी उलझाये रखा. ऐसी सूचनाएं हैं कि पाकिस्तानी सेना के कुछ जनरल और आइएसआइ के कुछ अफसर अभिनंदन की रिहाई को लेकर नाखुश थे. आखिरी वक्त तक वे अड़चने खड़ी करते रहे. दबाव देकर अभिनंदन से एक वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया गया और रिहाई से ठीक पहले उसे पाकिस्तानी मीडिया को रिलीज कर दिया गया. इस संघर्ष में पाकिस्तान का एक एफ-16 विमान अभिनंदन ने मार गिराया था, लेकिन पाकिस्तान ने इसे अभी तक स्वीकार नहीं किया है. पाकिस्तानी विमान एफ-16 के पायलट को भीड़ ने भारतीय समझ कर पीट-पीट कर मार डाला. सूचना क्रांति के इस युग में कुछ भी छुपा नहीं है. जो एफ-16 विमान मार गिराया गया, वह पाक वायुसेना की 19वीं स्क्वाड्रन का पायलट शहजाजुद्दीन उड़ा रहा था. भारतीय सेना की यह परंपरा रही है कि वह अपने शहीद सैनिकों के नाम कभी नहीं छुपाती, दूसरी ओर पाकिस्तान हमेशा अपने सैनिकों की मौत की बात छुपाता है. अगर आपको याद हो, करगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के जो भी जवान शहीद होते थे, पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होता था, लेकिन पाकिस्तान सेना अपने सैनिकों की मौत की बात कभी नहीं कबूलती थी और दबे-छुपे तरीके से उनका अंतिम संस्कार कर दिया जाता था.

भारत पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने की लगातार कोशिशें करता आया है, लेकिन कभी कामयाब नहीं मिली. कभी मुंबई में हमला हुआ, तो कभी उड़ी, पठानकोट और पुलवामा में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अब भी वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि भारत सबूत दे कि हमले में पाकिस्तानी संगठन शामिल हैं, तो कार्रवाई करेंगे, जबकि हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन जैशे मोहम्मद ने ली है. जैशे मोहम्मद पाकिस्तान स्थित इस्लामिक आतंकवादी संगठन है. इसके सरगना मसूद अजहर का ठिकाना पाकिस्तान ही है. पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी स्वीकार कर रहे हैं कि मसूद पाकिस्तान में है. कह रहे हैं कि वह बीमार है, उसका इलाज चल रहा है. इस बार आत्मघाती हमलावर का वीडियो सबसे बड़ा सबूत है, जिसमें वह खुद कह रहा है कि वह जैशे मोहम्मद से जुड़ा हुआ है. हमले के बाद पाकिस्तान में जैशे मोहम्मद ने हमले की जिम्मेदारी सार्वजनिक रूप से स्वीकार की थी. इसके बाद भी पाकिस्तान को किन सबूतों की जरूरत है, यह समझ से परे है. मुंबई, पठानकोट और उड़ी सबके सबूत दिये गये हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की. जैशे मोहम्मद और लश्करे तैबा के आतंकवादी वहां खुलेआम घूमते हैं. मैंने पहले भी लिखा है कि पाकिस्तान के पीएम इमरान खान सेना के मुखौटा भर हैं. वह सेना की नीतियों से इधर-उधर जाने की सोच भी नहीं सकते.

आशुतोष चतुर्वेदी
प्रधान संपादक, प्रभात खबर
ashutosh.chaturvedi@prabhatkhabar.in

पाकिस्तान में कितने अंदर घुस कर कार्रवाई की जाए, इसकी जो लक्ष्मण रेखा भारत ने खींच रखी थी, वह इस बार तोड़ दी गयी. पीएममोदी ने जो लकीर खींच दी है, कोई भी भारतीय सरकार उससे पीछे नहीं हट पायेगी.

पाकिस्तानी सेना के सहयोग से ही आतंकवादी संगठन फलते-फूलते हैं और वह उन्हें नियंत्रित करती है. सेना ही उनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ करती है. शांति की किसी भी पहल को वह कामयाब नहीं होने देती. दिलचस्प तो यह है कि पाकिस्तान अब इमरान खान को शांति दूत के रूप में पेश कर रहा है. वहां की संसद में सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने प्रस्ताव पेश किया है कि इमरान खान को नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाए, जबकि पाकिस्तान में शांति की बात करने वाले राजनेता ज्यादा दिन नहीं चलते हैं.

दरअसल, 1971 की जंग में पाकिस्तान को हराने के बाद भारत में मानस बन गया था कि पाक अध्याय अब हमेशा के लिए समाप्त हो गया है. दूसरी ओर, पाकिस्तानी सेना ने मान लिया था कि भारत को पारंपरिक युद्ध में हराना संभव नहीं है और उन्होंने आतंकवादियों का सहारा लेना प्रारंभ कर दिया. 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद तो भारत ने पारंपरिक युद्ध के विकल्प पर विचार करना ही छोड़ दिया और सेना के आधुनिकीकरण का काम लगभग बंद कर दिया. रही-सही कसर रक्षा खरीद में घोटालों के सामने आने के बाद पूरी हो गयी. दूसरी ओर परमाणु हथियारों को लेकर पाकिस्तान ने खौफ का ऐसा माहौल खड़ा कर दिया कि हम उसके झांसे में आ गये. मौजूदा संघर्ष को देखें, तो अभिनंदन तीन दशक से अधिक पुराने मिग-21 विमान से पाकिस्तान के एफ-16 विमान का मुकाबला कर रहे थे, जिसे संग्रहालय में रख दिया जाना चाहिए था. सैन्य साजोसमान की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुई है, तो राफेल विमान पर जम कर राजनीति हो रही है, उसे चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश हो रही है. इस संघर्ष के दौरान कई नयी बातें सामने आयीं. एक संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध मैदान में हुआ. दूसरा भारत और पाकिस्तान के टीवी स्टूडियो और सोशल मीडिया में लड़ा जा रहा है. इस हो-हल्ले में भारतीय कार्रवाई का पूरा विश्लेषण नहीं हो पाया है. पुलवामा हमले के बाद के घटनाक्रम ने भारत और पाकिस्तान संघर्ष की नयी लक्ष्मण रेखा खींच दी है. पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारतीय वायु सेना ने जैशे मोहम्मद के जिस कैंप को निशाना बनाया वह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत के बालाकोट में स्थित है. पहले इस बात को लेकर भ्रम था कि हमला पुंछ के नजदीक बालाकोट पर हुआ है या फिर खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत के बालाकोट में, लेकिन जल्द ही यह बात साफ हो गयी. यह बालाकोट पाकिस्तान के मानशेरा जिले का हिस्सा है. भारतीय लड़ाकू विमान वहां कार्रवाई कर सकुशल वापस आ गये और पाकिस्तानी वायु सेना सोती रही. उड़ी के हमले के बाद भारतीय सेना ने सीमा के नजदीक के आतंकी शिवरों को निशाना बनाया था. इसके आगे सेना नहीं बढ़ी थी, लेकिन पहली बार यह लक्ष्मण रेखा पार की गयी है. इस विषय पर बहस हो सकती है कि कितने आतंकवादी मारे गये, लेकिन पाकिस्तान में कितने अंदर घुस कर कार्रवाई की जाए, इसकी जो लक्ष्मण रेखा भारत ने खींच रखी थी, वह इस बार तोड़ दी गयी. और यह जान लीजिए कि एक बार बंधा टूटा तो फिर बहाव को कोई नहीं रोक सकता है. अब पाकिस्तान की ओर से किसी भी आतंकवादी घटना का जवाब भारत पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को निशाना बना कर दे सकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो लकीर खींच दी है, कोई भी भारतीय सरकार उससे पीछे नहीं हट पायेगी.

बोधि वृक्ष

सिद्ध हो जाएं

वह सब जो गतिमान है, घूम रहा है, कैसे भी हो, रुकनेवाला तो है ही. लेकिन जो स्थिर है, वह हमेशा के लिए है. अस्तित्व में कोई भी गति लगातार नहीं चलती, कोई संचार चिरकाल के लिए नहीं होता. कुछ चीजें लंबे समय के लिए हो सकती हैं, लेकिन हमेशा के लिए नहीं. जो गतिशील है, वह अपने आप को थका ही डालेगा, लेकिन जो स्थिर है, वह हमेशा के लिए है. हम ध्यान के रूप में जिसका प्रचार करते हैं, जिसे हम ध्यान कहते हैं, वह अंत में तो अस्तित्व का मूल, मर्म बनने के लिए, स्थिरता की ओर बढ़ना ही है. इसका अर्थ यह नहीं है कि वैसा करने के लिए आप को कोई संघर्ष करना है या बहुत प्रयत्न करने हैं. यह वैसा है कि क्या आप बेधना, प्रवेश करना सीखते हैं? यह ऐसा कुछ नहीं है, जो प्रयत्नपूर्वक करना है, क्योंकि 'करना' अपने आप में गति है. गति में आप सहज रूप से आ जाते हैं, क्योंकि स्थिरता में से ही गति की प्रक्रिया जन्मी है. इस स्थिरता में से वह सतह मिलती है, जो गति है, संचार है. ऊपरी सतह पर बहुत प्रकार के कार्य होते हैं, कई प्रकार के रंग हैं, बहुत सी ध्वनियां गूंजती हैं, वे सब स्थिरता के विरुद्ध नहीं होते. पर एक बार जब आप को स्थिरता का स्वाद मिल जाता है, तब आप चाहें, तो सतह से खेल सकते हैं, अन्यथा आप बस वहां होते हैं. अगर आप मूल बात नहीं जानते, यदि आप ने मर्म का स्वाद नहीं लिया है, तो आप हमेशा एक प्रकार की मजबूरी के साथ गतिमान रहते हैं. यकीन कीजिए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप के लिए, जीवन अभी कितना ज्यादा उत्साहवर्धक, आनंददायक है, एक दिन तो आप थक जायेंगे. मैं बस आशा करता हूं कि आप थककर न गिरें(मरें). आप तब गिरें, जब आप सिद्ध हो जाएं, पक जाएं, मीठे हो जाएं. एक फल पेड़ से इसलिए गिरना चाहिए कि वह पक चुका है, इसलिए नहीं कि वह थक चुका है. पकने के साथ परिपक्वता आती है, मिठास आती है, नयी संभावना आती है. अगर आप थक गये हैं और गिर जाते हैं, तो यह जीवन से सही ढंग से अलग हो जाना नहीं है.

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

क्या हों आम चुनाव के मुद्दे

योगेंद्र यादव
अध्यक्ष, स्वराज इंडिया
yyopinion@gmail.com

संभावना बन रही है कि 2019 का चुनाव गांव, किसान और खेती या फिर युवा शिक्षा और बेरोजगारी के सवाल पर न होकर राष्ट्रीय सुरक्षा के सवाल पर केंद्रित हो जाये. ऐसा होता है, तो यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं.

पुलवामा हमले के अगले ही दिन मैंने राष्ट्रीय सहमति का एक प्रस्ताव रखा था. सोच यह थी कि आतंकी और उसके सरगना हमें एक-दूसरे से लड़ने-भिड़ने और भारतीय राजनीति को पटरी से उतारने के अपने मंसूबे में कामयाब ना हों. संकट के समय राष्ट्रीय एकता ही आतंकियों को सबसे करारा जवाब है.

मेरे प्रस्ताव के तीन सूत्र थे. पहला तो यह कि सरकार विपक्ष को विश्वास में ले. राष्ट्रीय सुरक्षा की गोपनीयता को बनाये रखते हुए घटना और उसके प्रतिकार की सोच को वह विपक्ष के चुनिंदा नेताओं के साथ साझा करे. दूसरा, विपक्ष इस मौके का इस्तेमाल सरकार के छिद्रान्वेषण के लिए न करे और संकट समाप्त होने तक इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना न करे. तीसरा, सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमति बनायें कि वे पुलवामा हमले और उसके प्रतिकार से जुड़े राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले को चुनावी मुद्दा नहीं बनायेंगे. कश्मीरियों के खिलाफ वारदातों के बाद मैंने चौथा सूत्र भी जोड़ाः इस मौके पर देश के किसी भी व्यक्ति या समुदाय को हिंसा या नफरत का शिकार नहीं बनने दिया जायेगा.

इस प्रस्ताव को आम लोगों से बहुत समर्थन मिला, लेकिन बड़ी पार्टियों ने इसे आधे मन से सुना. बालाकोट में जवाबी हमले के बाद इस बात पर राष्ट्रीय सहमति की जरूरत और बढ़ गयी. यह तो स्पष्ट था कि पुलवामा से शुरू हुआ सिलसिला बालाकोट पर नहीं रुकेगा. इमरान खान और पाकिस्तानी सेना दोनों को अपनी इज्जत और सत्ता बचाये रखने के लिए कुछ जवाबी कार्रवाई करनी ही थी. पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि बालाकोट में जान-माल की हानि नहीं हुई. जाहिर है ऐसे में रोज नये तथ्य आयेंगे और उत्तर-प्रत्युत्तर की चर्चा होगी.

इस बार इस मुद्दे के राजनीतीकरण की संभावना और भी ज्यादा है. वैसे तो वायु सेना के हमले के बाद सभी दलों ने सुरक्षाबलों को बधाई दी, कम-से-कम पहले दिन आरोप-प्रत्यारोप शुरू नहीं हुए. लेकिन पहले दिन ही राजस्थान के चूरू में प्रधानमंत्री के भाषण से इस सवाल पर होनेवाली राजनीति की झलक मिल गयी. विपक्ष के नेताओं ने भी आलोचना शुरू कर दी है. आमतौर पर ऐसे में सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय सहमति बनाने की कोशिश करता है, लेकिन भाजपा इस मुद्दे पर सहमति नहीं असहमति चाहेगी, ताकि यह चुनावी बहस का केंद्र बन सके.

कुल मिला कर यह संभावना बन रही है कि 2019 का चुनाव गांव, किसान और खेती या फिर युवा शिक्षा और बेरोजगारी के सवाल पर न होकर राष्ट्रीय सुरक्षा के सवाल पर केंद्रित हो जाये. ऐसा होता है, तो यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं.

राष्ट्रीय सुरक्षा के सवाल का राजनीतीकरण करने के कई खतरे हैं. एक तो सरकार और सुरक्षाबलों पर अनावश्यक दबाव बनेगा. देश में युद्धोन्माद का माहौल बनेगा. देश के भीतर व्यक्तियों या समुदायों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति बढ़ेगी. राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुपचाप से दीर्घकालिक कदम उठाने की बजाय शोरगुल करने का आग्रह प्रबल होगा. दूसरी बात यह भी है कि राजनीतिक दल की छींटाकशी से अनावश्यक सवाल उठेंगे. क्या राष्ट्रीय सुरक्षा के कर्ता-धर्ता लोगों में से कुछ को पुलवामा की दुर्घटना का पूर्वाभास था? क्या उसे टाला नहीं जा सकता था? क्या बालाकोट में आतंकी कैंप को नष्ट करने और आतंकियों को नेस्तनाबूद करने के दावे वाकई सही हैं? ये सब वाजिब प्रश्न हैं, जिन्हें चुनावी दंगल में उछालने से इनका सही उत्तर नहीं मिलेगा, बल्कि सुरक्षा बलों का मनोबल ही कमजोर होगा.

लोकसभा के चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर केंद्रित करने से हमारे लोकतंत्र को भी नुकसान होगा. पांच साल के बाद केंद्र सरकार का हिसाब करने और उससे जवाब मांगने का यह अवसर देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं के मूल्यांकन का समय है, यह सेकुलर ढांचे पर हुए असर को जांचने का समय है, यह अंतिम व्यक्ति को किये गये वादे के हिसाब-किताब का समय है. इस बार यह संभावना बनी थी कि लोकसभा चुनाव खेती, गांव, किसान, शिक्षा और बेरोजगारी जैसे जमीन से जुड़े मुद्दों पर होगा. अगर इन सबको भूल कर सिर्फ पाकिस्तान और आतंकियों के सवाल पर चर्चा होने लगी, तो हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया पटरी से उतर जायेगी. ऐसा हुआ, तो हमारे लोकतंत्र की भी वही हालत हो जायेगी जो नेपाल, बांग्लादेश या पाकिस्तान की है. इन देशों में हर बार चुनाव भारत-विरोध के मुद्दे पर लड़ा जाता है और भावनाएं भड़का कर जीता जाता है. अगर हमारा 70 साल पुराना लोकतंत्र भी इसी स्तर पर उतर आता है, तो यह पुलवामा के आतंकी और उनके पाकिस्तानी आकाओं की भारत पर सबसे बड़ी विजय होगी.

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने में बस कुछ ही दिन बचे हैं. इसलिए यह बेहद जरूरी है कि सभी दल मिल कर यह न्यूनतम सहमति बनायें कि इस चुनाव में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रश्न को राजनीतिक दंगल में नहीं घसीटा जायेगा. अगर पुलवामा और बालाकोट से शुरू हुए घटनाक्रम के बारे में कुछ सवाल हैं, अगर उसमें कुछ ऊंच-नीच हुई है, तो उसे उसकी चुनाव के बाद समीक्षा होगी, लेकिन उसे चुनावी वाद-विवाद से अलग रखा जायेगा. न कोई पार्टी देश की सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उंगली उठायेगी, न कोई नेता सुरक्षाबलों के पराक्रम का श्रेय लेगा. राष्ट्रीय सुरक्षा, सैनिक कार्रवाई और जवानों की शहादत पर किसी भी तरह की राजनीति करना देशप्रेम का लक्षण नहीं है.

आपके पत्र

पुलवामा पर राजनीति न हो

विपक्ष के कई नेताओं ने जिस तरह केंद्र सरकार से पुलवामा का बदला लेने में भारतीय सैनिकों द्वारा मारे गये आतंकियों की संख्या के सबूत की मांग की है, वह बेहद ही शर्मनाक है. ऐसे लोग मुसीबत के समय साथ देने की बातें तो करते हैं, पर जब कार्रवाई की जाती है, तो अपनी राजनीति चमकाने लगते हैं. नेताओं द्वारा भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर जो बयानबाजी की जा रही है, वह उचित नहीं है. चुनाव नजदीक है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी मुद्दे को राजनीति से जोड़ दिया जाए. वाकई यह देश की विडंबना है कि हमें बाहरी शक्तियों के साथ-साथ भीतरी अलगाववादी शक्तियों से भी लड़ना पड़ रहा है. ये लोग अपने बयानों से आतंकियों का मनोबल बढ़ा कर रहे हैं. राजनीति के लिए बहुत सारे मुद्दे हैं, पुलवामा को इसमें न घसीटें.

शुभम गुप्ता, धनबाद

कांटे ही कांटे !

इसमें कोई संदेह नहीं कि पाकिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा आतंकी देश बन चुका है. उसने अपनी गतिविधियों से इस बात की पुष्टि भी कर दी है. दुनिया के सबसे बड़े आतंकी ओसामा बिन लादेन को छिपा कर रखा, जिसे अमेरिका ने चुपचाप पाकिस्तान में घुस कर पकड़ लिया और ऐसी जगह मारा कि उसकी लाश तक का पता नहीं चल सका. भारत ने भी सर्जिकल स्ट्राइक से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को साफ करने की कोशिश की. आतंकियों को पनाह देने के कारण आज पाकिस्तान दुनिया के सामने नंगा भी हो चुका है. हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान खुद इन आतंकियों के सहारे ही सत्ता में आये हैं. वह महज दिखावे के लिए चिकनी-चुपड़ी बातें कर रहे हैं. दुर्भाग्य से राजनीति और कूटनीति में यह सब होता है. इसलिए इन कांटों से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है.

वेद मामूरपुर, नरेला

नहीं सुधरेगा पाकिस्तान

हिंदुस्तानी शौर्य और स्वाभिमान की यह नयी सुबह है. पाकिस्तान तो अपना बम और कटोरा लेकर घूमता रहेगा, जैसे पहले घूमता था, लेकिन अब उसकी नापाक हरकतों को भारत बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है. हमारा देश वही है, सेना वही है, दुश्मन भी वही हैं, लेकिन हमारा इकबाल मजबूत हुआ है, क्योंकि जिसके हाथ में हमारी सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वह मक्कार नहीं है. पहले हम अपने जान-माल का नुकसान होने पर चिल्लाते थे, तो दुनिया नसीहत देती थी कि आपसी बातचीत से मामले को निबटाया जाना चाहिए. अब हमारी खामोशी को भी दुनिया का सबसे दबंग राष्ट्र समझता है. सात समंदर पार अमेरिका हमारे स्वभाव और बदले मिजाज को ताड़ लेता है, जबकि पड़ोसी कान में तेल डाल कर सोता रहता है. पाकिस्तान की सभी जंग आतंकवादी लड़ते हैं. इसलिए आजतक पाक कोई युद्ध नहीं जीत सका. जहां दुनिया की फौजी युद्ध लड़ती हैं, वहीं पाकिस्तान की फौज राजनीति करती है.

सिद्धार्थ सिन्हा, कांके रोड, रांची

कुछ अलग

पाकिस्तान में मंत्री होना

आलोक पुराणिक
वरिष्ठ व्यंग्यकार
puranika@gmail.com

मंत्री होना मुश्किल काम है और पाक में मंत्री होना बहुत मुश्किल काम है. पाक में मंत्री की आफत यह है कि हाथ में उसके कुछ न होता, पर इंटरनेशनल गालियां खाने का जिम्मा मंत्री का होता है. पाक का आतंकी-सेना गठजोड़ रात में बम फोड़कर निकल लेता है, पर गालियां मंत्री खाता है. पाकिस्तान के इमरान खान की आफत दोहरी है, आतंकी-सेना गठजोड़ के सामने उन्हें परम आतंकी दिखना है और इंटरनेशनल लेवल पर उन्हें परम शांतिप्रिय दिखना है. पाक सेना भेड़िया है, पाक आतंकी भेड़िये हैं, इनकी पहचान साफ है. पर लोकतंत्र की खाल ओढ़ कर इमरान खान को कभी भेड़िया दिखना है कभी मेमना दिखना है, इस चक्कर में इमरान खान ऐसे जानवर हो जाते हैं, जो हास्यास्पद लगते हैं.

इमरान कह रहे होते हैं कि हमें शांति चाहिए. तभी आइएसआइ और सेना के संयुक्त तत्वावधान में भारत में धमाके हो चुके हैं. पाकिस्तान कई मुंह वाला देश है, जिसमें एक मुंह को न पता होता कि दूसरा मुंह क्या कह गया. उसको दोमुंहा कहना अंडरस्टेटमेंट है, उसके मुंह कितने हैं- यह किसी को ना पता.

पाक का मंत्री कहता है- हमें देश में उद्योगों का विकास करना है. और विकास हो जाता है आतंकियों का. इमरान खान कहते हैं कि मुझे सबूत दो तो मैं सब सही कर दूंगा. पाकिस्तान की सरकार को अब तक यह सबूत न मिल पाया है कि ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में पकड़ा गया और वहीं मार भी गिराया गया था. पर पाकिस्तान को कोई सबूत न मिला. इमरान खान रोज सुबह उठ कर यह सबूत तलाशते हैं कि आज मैं पीएम हूं या नहीं. पाकिस्तान में जो दिखता है, वह है नहीं. जिसे पीएम समझो वह सेना का स्टेनो निकलता है, सेना जो कहे, वह ऑर्डर नोट करता है. जिसे सेना समझो, वह आतंकियों की केयरटेकर निकलती है. जिन्हें आतंकियों का अड्डा समझो उन्हें पाकिस्तानी नेता अजहर के मदरसे बताते हैं. जिन्हें मदरसे समझो वहां बम-बंदूक बरामद होते हैं. जिन्हें मदरसों के टीचर समझो, वे अरबों-खरबों के कारोबारी निकलते हैं. जिन्हें आप कारोबारी समझो, वह सांसद निकल जाते हैं और जिन्हें आप सांसद समझो, वह आतंकी मसूद अजहर के प्रवक्ता निकल जाते हैं. पाकिस्तान क्या है, यह समझना भी कन्फ्यूजन है, पाकिस्तान के पास न्यूक्लियर बम ज्यादा हैं या भीख के कटोरे ज्यादा हैं, यह पता लगाना भी मुश्किल है.

खैर, जिस अमेरिका को टीवी पर नार्थ कोरिया के किम कई बार उड़ा चुके थे, उसी अमेरिका के ट्रंप के साथ किम की शिखर वार्ता की खबरें हैं. टीवी खबरों के साथ वैधानिक चेतावनी लिखकर आनी चाहिए- अधिकांश काल्पनिक हैं. युद्ध के बारे में जितना सेना के अधिकारी नहीं जानते, उससे ज्यादा अब टीवी एंकर जानने लगे हैं. एक टीवी एंकर कुछ समय पहले शांति वार्ता प्रोग्राम का एंकर था, जो शांति से चलनेवाले एक जनरेटर ने स्पांसर किया था, फिर वही टीवी एंकर तोप के गोले बरसा रहा था. शो किसी धमाकेदार बैटरी ने स्पांसर किया था. एंकर कुछ भी करवा सकता है, स्पांसर बताओ.

देश दुनिया से

अमेरिका-कोरिया के बीच नहीं बनी सहमति

वियतनाम के हनोई में आयोजित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के बीच दूसरा शिखर सम्मेलन बिना किसी समझौते के केवल विचारों के आदान-प्रदान के साथ संपन्न हुआ. पिछले साल जून में सिंगापुर में दोनों देशों के बीच हुए पहले शिखर सम्मेलन के विपरीत, इस सम्मेलन के सफल होने की उम्मीद थी. पर दुर्भाग्यवश, ऐसा नहीं हो सका. हालांकि इस बैठक के बाद ट्रंप ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर कोरिया चाहता है कि उस पर से प्रतिबंध पूरी तरह से हटा दिये जायें, लेकिन हम ऐसा नहीं कर सकते हैं. अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने भी कहा कि चूंकि उत्तर कोरिया तैयार नहीं था, ऐसे में इससे अमेरिका को वह हासिल नहीं हुआ, जिससे उसे फायदा पहुंचता. साफ है कि अमेरिका वार्ता के असफल होने का दोष उत्तर कोरिया पर डालना चाहता है. लेकिन शिखर सम्मेलन की तैयारियों को देखते हुए, बाहरी लोग शायद ही यह विश्वास करें कि उत्तर कोरिया ने अपने ऊपर लगे सभी प्रतिबंधों को हटाने का प्रस्ताव दिया होगा. उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री री योंग हो ने कहा कि हमने प्रतिबंध को आंशिक रूप से हटाने की बात की थी, जो बहुत यथार्थवादी प्रस्ताव था.

GLOBAL TIMES

झाओ लिक्सिन

कार्टून कोना

साभार : कार्टूनमूवमेंटडॉटकॉम

पोस्ट करें : प्रभात खबर, 15 पी, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची 834001, **फैक्स करें** : 0651-2544006,
मेल करें : eletter@prabhatkhabar.in पर ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है

प्रवाह

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक
स्थापना वर्ष : 1948

शांति और सद्भाव में जीने तथा एकजुट रहने के लिए हमारे पास एक राष्ट्र, एक झंडा होना चाहिए...
- पॉलिन हैनसन

ऑस्ट्रेलियाई राजनेता

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ और संघर्ष विराम का लगातार उल्लंघन करते हुए पाक सेना का निरंतर गोलाबारी जारी रखना बताता है कि पुलवामा हमले पर मुंह की खाने के बावजूद पाकिस्तान अपनी फितरत से बाज नहीं आएगा।

पाकिस्तान के पैंतरे

भारी दबाव के बीच विंग कमांडर अभिनंदन को भारत के सुपुर्द करने के बाद पाकिस्तान अपने प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए शांति के नोबेल की मांग कर रहा है, लेकिन उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकियों की घुसपैठ और संघर्ष विराम का लगातार उल्लंघन करते हुए पाक सेना द्वारा सीमा पर भीषण गोलाबारी ने इस्लामाबाद के दोहरेपन को ही एक बार फिर उजागर किया है। कुपवाड़ा जिले में हंदवाड़ा के एक गांव में आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बल की मुठभेड़ तीन दिनों तक चली, जिसमें सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के कई जवान शहीद हुए। कठिन भौगोलिक स्थिति और सघन आबादी के कारण घरों में छिपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करना सुरक्षा बलों के लिए बेहद कठिन था। इसके बावजूद मुठभेड़ जारी रखते हुए सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया, हालांकि ऑपरेशन खत्म होने की अब भी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि सीमा पार से आतंकी घुसपैठ की आशंकाएं लगातार व्यक्त की जा रही हैं। दरअसल हाल के घटनाक्रमों से इमरान खान की सरकार को सिर्फ वैश्विक दबाव का ही सामना नहीं करना पड़ा, बल्कि पाकिस्तान में भी उसे भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है और घरेलू स्तर पर वह भीषण दबाव में है। पड़ोसी देश की इसी हताशा का सुबूत है जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की बढ़ती घुसपैठ, जिसे निरंतर नाकाम करते रहने की आवश्यकता है। ठीक इसी तरह बालाकोट में हवाई हमले के बाद से पाकिस्तानी सेना संघर्ष विराम का लगातार उल्लंघन करते हुए भारी मात्रा में गोले और मोर्टार दाग रही है, जिससे सीमावर्ती इलाकों में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है और जनजीवन ठप है। अनेक ग्रामीणों ने जहां शिविरों में शरण ली है, वहीं स्कूल-कॉलेज पिछले कई दिनों से बंद हैं। दो देशों के बीच तनाव का खामियाजा सीमावर्ती इलाकों के लोग ही सबसे ज्यादा भुगतते हैं। यह गोलाबारी भी, जाहिर है, शर्मिंदा पाकिस्तान की झल्लाहट का ही सुबूत है, जिसका भारत ने भी उतना ही करारा जवाब दिया है। भारत के लिए पाकिस्तान के ये पैंतरे नए नहीं हैं। आतंकवादी हमलों पर सख्त रुख अपनाने के साथ-साथ सीमा पर अचूक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना ही समस्या का समाधान है। इसके अलावा ऐसी गतिविधियों पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है, जिनसे अलगाववादी भावनाओं को मजबूती मिलती हो।

क्या बैंकों का पूंजीकरण ही समाधान है

बढ़ते एनपीए और खराब ऋण वसूली सरकार को बैंकों में और पैसा डालने के लिए मजबूर कर रही है, जो वसूली से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं है।



नारायण कृष्णमूर्ति, वरिष्ठ पत्रकार

वर्ष 2018-19 के बजट भाषण में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए 65,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। हालांकि पीयूष गोयल द्वारा इस साल पेश अंतरिम बजट में इसका कोई भी उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन कुछ दिनों पहले सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बारह बैंकों में 48,239 करोड़ रुपये के पुनर्पूंजीकरण की घोषणा की। ताजा पूंजी डालने की यह घोषणा विगत दिसंबर में सार्वजनिक क्षेत्र के सात बैंकों में 28,615 करोड़ रुपये डाले जाने के बाद हुई है। बैंकों में पैसे डालने (पुनर्पूंजीकरण) की यह कहानी पिछले तीन-चार वर्षों से चल रही है और इसका कारण है गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) का बढ़ता बोझ और खराब ऋण।

एक बैंक किसी ऋण को खराब तब बताता है, जब 90 दिन या उससे अधिक की अवधि में उसे चुकाया नहीं गया हो। और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के नियमित रूप से काम करने के लिए सरकार को उनमें नई पूंजी लगानी ही होगी, अन्यथा बैंक ध्वस्त हो जाएंगे। लेकिन निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार ने वर्षों से सुनिश्चित किया है कि विलय के माध्यम से किसी भी भारतीय बैंक को कभी खत्म नहीं होने दिया जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक और देना बैंक का विलय एक और उदाहरण है कि सरकार बैंकों को टूटने से बचाने के लिए किस तरह काम करती है।

बैंक दबाव में हैं, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक ने बुरे कर्ज से जूझ रहे सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के ढांचे में डालते हुए उनके ऋण देने और जमा बढ़ाने के कार्यों को गंभीर रूप से सीमित कर दिया है। ऐसे परिदृश्य में जहां बैंक ऋण देने में असमर्थ होते हैं और जमा बढ़ाने के काम में शामिल होते हैं, तो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास पीसीए के ढांचे में ऋण वसूली और पूंजी की तलाश करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता।

सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंक त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की सूची से बाहर निकलने में कामयाब हुए हैं, क्योंकि उन्हें समय पर सरकार द्वारा समर्थन मिला और उसमें पूंजी डाली गई, जो उन बैंकों में बड़ी स्टेकहोल्डर है।

स्रोत और समय के आधार पर एनपीए का आंकड़ा अलग-अलग होगा, लेकिन तथ्य यह है कि संकट का सामना कर रहे उद्योगों को ऋण देने के कारण, मसलन विशेष रूप से दूरसंचार, बिजली और ढांचागत क्षेत्रों में एनपीए की समस्या बढ़ रही है। खराब वसूली का अनुभव बैंकों में उद्योगों को ऋण देने से परहेज करने की भावना पैदा कर रहा है, जो ऋण वृद्धि (क्रेडिट ग्रोथ) में बाधा पैदा कर रहा है। सरकार द्वारा पूंजीकरण का एक हिस्सा क्रेडिट ग्रोथ को आगे बढ़ाने के लिए बैंकों का मनोबल भी बढ़ाता है। हालांकि गैर निष्पादित परिसंपत्ति नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक होने के साथ असली चिंता एनपीए की सुस्त वसूली को लेकर है।

दिसंबर, 2018 में संसद में जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 2014-15 से 2017-18 तक के चार वर्षों में 2.33 लाख करोड़ रुपये के बुरे कर्ज की वसूली की, जिनमें से 32,693 करोड़ रुपये बट्टे खाते में थे। यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत है, हालांकि वसूली की प्रक्रिया बहुत सुस्त और थकाऊ है। वास्तव में दिवाला एवं दिवालियापन संहित (आईबीसी-जिसने वसूली की राह खोली है) के बावजूद वसूली की रफ्तार बहुत सुस्त है, जिसके चलते सरकार द्वारा बैंकों में लगातार पूंजी डालने की आवश्यकता है।

इसका मतलब यह नहीं कि पुनर्पूंजीकरण ही एकमात्र उपाय है, जिसका खामियाजा पिछले चार वर्षों में वैश्विक स्तर पर तेल की कम कीमत के बावजूद उच्च कर चुकाकर देश के भोले करदाताओं ने भुगता है। लेकिन अब पहले की तुलना में कच्चे तेल की कीमत बढ़ गई है, इसलिए धीमी और खराब वसूली को देखते हुए सरकार के लिए पुनर्पूंजीकरण से तालमेल बिठाना मुश्किल है। फिर भी कर्ज को बट्टे खाते में डालने के चरण से देर से ही सही, वसूली और कड़े आईबीसी कानून जान-बूझकर ऋण न चुकाने वालों के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं।

क्या पुनर्पूंजीकरण समाधान है? हां भी और नहीं भी। हां, इसलिए, क्योंकि बैंकों को अपने मूल क्षेत्र में ऋण देने और जमा करने के लिए पुनर्पूंजीकरण आवश्यक है। नहीं, इसलिए, क्योंकि जिस तरह से पुनर्पूंजीकरण किया जा रहा है, उसमें इसका पर्याप्त संकेत नहीं मिलता कि ऐसा उचित योजना के साथ किया जा रहा है। समस्या तो है ही, क्योंकि बहुत-सा धन उन छोटे बैंकों में डाला जा रहा है, जो पीसीए सूची में हैं। मसलन, अप्रैल, 2013 से सरकार द्वारा कुल 14,446 करोड़ रुपये यूको बैंक में उसे चलाने के लिए डाले गए हैं। इस बैंक की कुल संपत्ति स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुल संपत्ति का करीब 6.3 फीसदी है, लेकिन बैंक ने भारत की सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक में निवेश की गई पूंजी का लगभग 58.2 फीसदी पूंजी निवेश देखा है। स्टेट बैंक के पास 31 मार्च, 2018 तक कुल 34,54,752 करोड़ रुपये की संपत्ति थी और देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की एक तिहाई से थोड़ी ज्यादा संपत्ति है, फिर भी स्टेट बैंक में 24,844 करोड़ रुपये का पुनर्पूंजीकरण किया गया है। पुनर्पूंजीकरण को सार्थक और प्रभावी बनाने के लिए इस असमानता को दूर करने की आवश्यकता है।

सरकार के लिए यह सुनहरा मौका है कि जहां भी संभव हो, बैंकों का विलय किया जाए, जैसा कि उसने विजया बैंक, देना बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ किया है या 2017 में स्टेट बैंक के पांच सहयोगियों-स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर ऐंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद और स्टेट बैंक ऑफ पटियाला का एकीकरण किया था। इस तरह बैंकों का विलय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में स्वच्छ और कुशल व्यवस्था बनाने के लिहाज से लंबा रास्ता बनाने में मददगार होगा, जहां सरकार पहले से ही प्रतिस्पर्धी माहौल में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए विशेषज्ञता को निर्धारित कर सकती है। ऐसा होने तक पुनर्पूंजीकरण भविष्य में सरकार को फायदा पहुंचाने की उम्मीद में खेला गया एक दांव ही होगा।

अंतर्ध्वनि

>> अखिलेश

मेरे बचपन में कीचड़, धूल, मिट्टी के रंगों का बोलबाला था

रंगों के प्रति आकर्षण एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। मेरे ख्याल से सभी रंगों से प्रभावित होते हैं और अपने को उसके प्रति अनजाने में खिंचा पाते हैं। ऐसा शायद ही कोई व्यक्ति होगा, जो रंगाकर्षण को याद रख पाता हो। मेरा रंग के प्रति आग्रह उतना ही सहज रहा होगा, जितना मैंने महसूस किया, जिसे मैं सिर्फ कपड़ों के स्तर पर याद कर पाता हूं। बचपन में मैं चित्रकला के प्रति अरुचि रखता था और इन सब से दूर रहा करता था। रंग लगाना या चित्र बनाना, इन सब से दूर, बाहर खेल मैदान में मेरा समय गुजरता था।



मेरे सभी भाई बहन चित्र बनाते थे। मेरे पिता चित्रकार थे। घर भर में चित्र और चित्रकला की बातें बिखरी रहा करती थीं, जिनमें मेरी रुचि न के बराबर हुआ करती थी, सिर्फ इसलिए कि ये सभी जो कर रहे हैं मुझे नहीं करना है। इस अछूते रंग समय में मेरी दुनिया खेलों के साथ अपना संबंध बनाए हुए थी, जहां कीचड़, धूल, मिट्टी के रंगों का बोलबाला था। बचपन में जिन रंगों से मेरा संबंध बना था, ज्यादातर अनजाने में, बाद में वह संबंध उन रंगों से नहीं रहा। मैं इन धूसर रंगों का अब इस्तेमाल नहीं करता। जब महाविद्यालय गया, तब भी इन रंगों के बजाय मुझे जीवंत और खिले-खिले रंग पसंद थे। यह तो नहीं कहूंगा कि उन रंगों का इस्तेमाल मैं किसी समझ के साथ करता था या किसी आकर्षण के कारण, किंतु सहज ही उन्हें लगाया करता था। इन सब रंगों की समझ या रंग के महत्व का एहसास भी नहीं था, बल्कि चित्र में रंग का कोई महत्व होता है इसका एहसास बहुत बाद में हुआ। मेरे चित्र विचार से नहीं बनते, न मैं उनमें किसी विचार को आने देता हूं, न मैं ये सारी चीजें सोचकर चित्रित करता हूं। मैं एक खेल शुरू करता हूं और खुद उसमें शामिल हो जाता हूं। परिणामस्वरूप वह चित्र होता है।

-सुप्रसिद्ध चित्रकार

मंजिलें और भी हैं

>> नारायण लाल धाकड़

खेती को लाभ का सौदा बनाया

मैंने होश संभालते ही अपने परिवार को गरीबी से जूझते देखा। जब मैं मां की गर्भ में था, तभी मेरे पिता की मृत्यु हो गई थी। तब मेरी जुड़वा बड़ी बहनें बहुत छोटी थीं। पिता के न रहने के कारण मां पर खेती की देखभाल करने की जिम्मेदारी आ गई। लेकिन घर के साथ खेती का पूरा काम संभालना उनके लिए बहुत कठिन था। कई बार जब हम फसल की कटाई के समय उनका हाथ नहीं बंटा पाते, तो परिवार को भारी नुकसान हो जाता था। थोड़ा बड़ा होते ही मैंने खेत में काम करना शुरू कर दिया। मैं उन तरीकों की खोज करने में लग गया, जिससे मां का बोझ कुछ हल्का हो। दसवीं के बाद खेती के कारण मुझे स्कूल छोड़ना पड़ा, लेकिन मैंने पार्ट टाइम पढ़ाई जारी रखी। मैं उन जुगाड़ों के बारे में सोचता, जिनसे मेहनत कम हो और उपज बढ़े। दरअसल हमारे यहां नीलगायों का उपद्रव बहुत ज्यादा था। उनसे फसल बचाने के लिए मेरी मां को रात में खेत में रुकना पड़ता था। नीलगाय चूंकि रोशनी से दूर भागती है, इसलिए मैंने तेल के एक कनस्तर के किनारों को काट दिया, उसके तल में थोड़ा पानी डाल दिया और उसके ऊपर तेल से भरा एक दीया जला दिया। इस कनस्तर को मैंने अपने खेत के बीचोबीच ऐसी जगह पर रखा, जहां से दूर-दूर तक रोशनी जाती हो। रात भर दीया जलता रहता, इसलिए नीलगाएं हमारे खेत से दूर रहने लगीं और मां को भी रात में खेत पर रुकने की जरूरत नहीं रही। इसका एक और लाभ यह हुआ कि उड़ने वाले कीड़े-फतिंगे आग की तरफ आकर्षित होकर पानी में गिरकर मर जाते हैं, जिन्हें अगले दिन पक्षियां अपना आहार बनाती हैं। मेरी इस तरकीब को आसपास के अनेक किसानों ने अपनाया है। मैं युवा हूं और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता हूं। सोशल मीडिया पर खेती से जुड़ी अनेक जानकारियां मैंने हासिल कीं। दूसरे किसानों को इसके बारे में बताने के लिए मैंने आदर्श किसान सेंटर नाम से फेसबुक पेज शुरू किया, जिसे मैंने यू-ट्यूब पर भी डाला है। इन्हें मैं लगातार अपडेट करता हूं। इनमें मैंने अपना अनुभव साझा किया कि लगातार एक ही फसल बोने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है, लिहाजा अलग-अलग फसल बोनी चाहिए। खुद मैं कपास और शकरकंद की खेती एक साथ करता हूं। ऐसे ही कपास के बाद मैं मूंग बोता हूं, जिससे मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ जाती है। मैं रासायनिक खाद का अपने खेत में इस्तेमाल नहीं करता और दूसरे किसानों को भी यही सलाह देता हूं। रासायनिक खादों से केवल जमीन की उर्वरा शक्ति पर नहीं, मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। मैं अपने खेत में ही ऑर्गेनिक खाद तैयार करता हूं।

अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए मैं खेती करूंगा और किसानों की बेहतरी के लिए भी काम करूंगा।

अभी मैं बीस साल का हूं और अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहता हूं। लेकिन मैं खेती करना चाहता हूं और जीवन भर किसानों की बेहतरी के लिए काम करना चाहता हूं। अभी खेती से मुझे साल में चार से पांच लाख रुपये की आय होती है। आय बढ़ने के कारण पिछले साल मैं अपनी दोनों बहनों की शादी कर पाया। कभी मेरी मां को खेती के काम से फुरसत नहीं मिलती थी। आज स्थिति यह है कि कभी-कभी वह खेत पर आती है, तो मुझे किसानों को सलाह देते देख गर्वित हो जाती है। हालांकि मुझे इस बात का अफसोस है कि तकनीकी जानकारी न होने के कारण मैं खेती को उतना लाभप्रद नहीं बना पाया। इसके बावजूद मैं अपने युवा साथियों से यह कहना चाहता हूं कि खेती से मुंह मोड़ने के बजाय हमें खेती को लाभ का सौदा बनाना चाहिए।

-विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित।

अमन नहीं चाहता पड़ोसी

इमरान खान खिलाड़ी रहे हैं, सो शायद इतिहास उन्होंने कम पढ़ा होगा। वर्ना बहुत पहले वह जान गए होते कि भारत ने अमन-शांति की कोशिश बहुत बार की है। लेकिन जवाब में युद्ध मिला या आतंकवादी हमले।

तवलीन सिंह

यह स्पष्ट करते हुए मैं इस लेख की शुरुआत करती हूं कि मैं कोई पागल किस्म की देशभक्त नहीं हूं, लेकिन जब भी किसी पाकिस्तानी राजनेता या जनरल से अमन शब्द सुनती हूं, तो मुझे बहुत गुस्सा आता है। पिछले सप्ताह जब दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने लगा, तब इमरान खान ने टीवी पर आकर फिर से यह कहा कि उनकी तरफ से अमन-शांति लाने, बातचीत का सिलसिला शुरू करने की पूरी कोशिश रही है, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री ने उनका सुझाव ठुकरा दिया है। खान साहब खिलाड़ी रहे हैं आधी उमर तक, सो शायद इतिहास उन्होंने कम पढ़ा होगा, वर्ना वह बहुत पहले जान गए होते कि अमन-शांति की कोशिश भारत ने बहुत, बहुत बार की है। लेकिन जवाब में मिला युद्ध या आतंकवादी हमले। इतिहास में क्या जाना, जब सुबूत के लिए नरेंद्र मोदी का ही कार्यकाल काफी है।

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में पाक प्रधानमंत्री को बुलाया। लेकिन पाकिस्तान की सेना ने उन्हें बदनाम करके राजनीति से हटाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस दौरान उरी और पठानकोट में आतंकवादी हमले हुए। पठानकोट हमले के बाद मोदी ने आईएसआई अधिकारियों को पठानकोट आकर अपनी आंखों से वह जगह देखने की इजाजत दी, जहां हमला हुआ था। लेकिन लौटकर उन अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान का हाथ होने का कोई सुबूत उनको नहीं मिला।

इमरान खान की तरफ से करतारपुर गलियारा खोलने की पहल हुई, तो मोदी ने अपने वरिष्ठ सिख मंत्री समारोह में भेजे। बर्लिन की दीवार गिराने से इसकी तुलना की। कुछ दिन शांति रही, फिर पुलवामा का वह हमला हुआ, जिसमें सीआरपीएफ के चालीस जवान मारे गए। अगर भारत उसी तरह कुछ न करता, जिस तरह हमने 26/11 के बाद देखा था, तो मुझे भारतीय होने पर शर्म आती। मेरा मतलब बिल्कुल साफ है : भारत और पाकिस्तान के बीच शांति नहीं है, तो इसके लिए पाकिस्तान का सैन्य तंत्र जिम्मेदार है। ऐसा इसलिए कि अगर कभी शांति का माहौल बन जाता है, तो पाकिस्तान के लोग सेना पर इतना खर्च क्यों बर्दाश्त करते रहेंगे, जितना आज हो रहा है? ऊपर से पाक सेना का शासन में इतना दखल है कि इमरान खान का दर्जा इस्लामाबाद के महापौर के बराबर है।

इमरान खान कहते तो हैं कि कश्मीर का मसला हल हो जाए, तो अमन-शांति अपने आप कायम हो जाएगी। लेकिन मैं विनम्रता से अर्ज करना चाहती हूं खान साहब कि यह बिल्कुल बकवास है। आपके सैन्य प्रमुख आपको धोखे में रख रहे हैं। अगर कश्मीर ही दो देशों के बीच समस्या होता, तो मुंबई पर हमला क्यों हुआ? बनारस के मंदिर में आतंकवादी हमला क्यों हुआ? दिल्ली में और मुंबई के झावेरी बाजार में हमले क्यों हुए? दाऊद इब्राहिम द्वारा 1993 में मुंबई में वह हमला क्यों करवाया गया था, जिसमें सैकड़ों बेगुनाह मारे गए थे?

सच तो यह है कि युद्ध और सीमा पर तनाव पाकिस्तान के सैन्य तंत्र के हित में है। अमन-शांति में उनका हित बिल्कुल नहीं। जब तक इस यथार्थ में परिवर्तन नहीं आता, तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच शांति भी नहीं आ सकती है। ज्यादातर हम उसी किस्म के माहौल की उम्मीद कर सकते हैं, जैसा हम दो देशों के बीच में बना हुआ है। पहले पाकिस्तान में आम लोग कहा करते थे कि इस अशांति का कारण यह है कि भारत ने कभी पाकिस्तान का अस्तित्व स्वीकार नहीं किया। सच तो यह है कि पाकिस्तान को भारत का अस्तित्व चुभता है। उसे भारत की सफलता स्वीकार नहीं है।

खुली खिड़की

वायु प्रदूषण का खतरा

वायु प्रदूषण सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। वायु प्रदूषण के कारण सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान और पाकिस्तान में मरते हैं, जबकि उसके बाद हमारे ही देश का नंबर आता है।



सत्संग

सेवा-परोपकार सर्वोपरि

भारतीय संस्कृति मानवता और असहिष्णुता का संदेश देती रही है। कहा गया है कि उपासना के सभी मार्ग अंततः चरम सत्य तक पहुंचाते हैं। आयरलैंड में जन्मी मार्गरेट नोबल नामक युवती ने स्वामी विवेकानंद के उपदेशों से प्रभावित होकर अपना सर्वस्व भारत व भारतीय संस्कृति की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। स्वामी विवेकानंद से दीक्षा लेकर वह भगिनी निवेदिता बन गईं। एक दिन उन्हें वेदों और गीता के महत्व पर प्रवचन देते देख एक अंग्रेज ने कहा, अपने ईसाई धर्म की जगह तुम भारतीय धर्म में क्या विशेषता देखती हो?

भगिनी निवेदिता ने विनम्रता से कहा, मुझे धर्मशास्त्रों के इस सार ने प्रभावित किया है कि सत्यरूपी धर्म का साक्षात्कार किसी भी उपासना पद्धति के माध्यम से किया जा सकता है। आत्म साक्षात्कार किसी भी धर्म, पंथ या जाति के व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। सत्य का साक्षात्कार केवल हमारे मार्ग से ही होगा, ऐसा समझना अहंकार है। जिस प्रकार नदियां विभिन्न स्थानों से निकलते हुए सागर में पहुंचती हैं, उसी प्रकार विभिन्न पूजा-उपासना पद्धतियां भी ईश्वर और सत्य तक ले जाती हैं। इसलिए किसी व्यक्ति को असहिष्णु होकर अपने ही धार्मिक मार्ग पर चलने का दुराग्रह नहीं करना चाहिए। यह दुराग्रह ही आत्मा-परमात्मा का रहस्य समझने में बाधक बनता है। सेवा-परोपकार को सर्वोपरि मानने वाला सनातन धर्म ही शांति व मानवता का संदेश देने में सक्षम है।

-संकलित

हरियाली और रास्ता

आर्यन, पिता और ब्रेड

आर्यन की कहानी, जिसे उसके पिता ने बचपन में ही हर परिस्थिति से निपटने का मंत्र दिया।

आर्यन एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में सीनियर मैनेजर था। उसकी टीम हमेशा कंपनी की बेहतरीन टीमों में होती थी। टीम के सभी सदस्य आर्यन को अपने परिवार के सदस्य जैसा मानते थे। कंपनी ने आर्यन को सम्मानित करने के बारे में सोचा। एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कंपनी के सभी बड़े अधिकारी आए। आर्यन की टीम के सारे सदस्यों को बुलाया गया, ताकि वे अपने-अपने अनुभव बता सकें। साथ ही कंपनी के सभी मैनेजरों को भी बुलाया गया, ताकि वे आर्यन से कुछ सीख सकें। आर्यन से पूछा गया कि वह क्या सोच है, जो उसकी टीम में इतनी ऊर्जा भर देती है? आर्यन बोला, मेरा बचपन बहुत साधारण रहा है। मेरी मां दूसरों के घरों में साफ-सफाई करती थीं और पिता मजदूरी करते थे। हालांकि मेरी पढ़ाई में उन्होंने कभी कमी नहीं आने दी। अक्सर रात को हम ब्रेड सेंककर खाया करते थे। कभी मक्खन या जैम भी मिल जाता था। एक दिन ब्रेड सेंकने में काफी जल गई थी। मैं बैठा देख रहा था कि कौन कैसे खाता है? पिता जी ने ब्रेड उठाई, उस पर थोड़ा-सा जैम लगाया और स्वाद लेकर खाने लगे। मां बोलीं, माफ करना, आज ब्रेड थोड़ी जल गई है। पिता जी बोले, मुझे जली ब्रेड बहुत पसंद है। जब मां वहां से चली गईं, तो मैंने पिता जी से पूछा, क्या आपको सच में जली ब्रेड अच्छी लगती है?

पिता जी बोले, आज तुम्हारी मां बहुत थक गई थीं। और एक दिन जली ब्रेड खा लेने से मैं बीमार नहीं हो जाऊंगा, पर तुम्हारी मां शांति से सो पाएंगी। मैंने उसी दिन सीखा कि हममें से हर कोई कभी न कभी गलती करता है। लेकिन हम उन गलतियों को उभारने के बजाय सुधारने का काम करें, एक दूसरे की ताकत बनें, तो एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं।

दूसरों में दोष ढूंढना तो बहुत आसान है, लेकिन उसे ठीक करना कठिन।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 12 अंक 14

खराब नजीर

राष्ट्रीय कंपनी ला अपील पंचाट (एनसीएलएटी) ने एक निर्णय में कहा है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल सर्विसेज (आईएलऐंडएफएस)और उसके समूह की अन्य कंपनियों को कर्जदाताओं द्वारा तब तक गैर निष्पादित परिसंपत्ति घोषित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि अपील पंचाट इसकी पूर्व मंजूरी नहीं दे देता। प्राथमिक तौर पर देखें तो एनसीएलएटी का गत सप्ताह दिया गया यह निर्णय आईएलऐंडएफएस तथा फंसे हुए कर्ज से जूझ रहे बैंकों, दोनों को राहत देता है। एनसीएलएटी के निर्णय में यथास्थिति निहित है जो कर्जदाताओं को यह मदद देगी कि उनका 53,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज फंसा हुआ कर्ज घोषित न हो। इससे उन्हें कम से कम फिलहाल तो प्रोविजनिंग से बचने का अवसर मिलेगा। परंतु, एनसीएलएटी को ऐसा निर्णय देने से पहले समुचित तरीके से विचार-विमर्श कर लेना था।

इस आदेश पर सवाल उठाने के कई आधार हैं और ये बैंकिंग तंत्र में फंसे हुए कर्ज की पहचान को लेकर एनसीएलएटी और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच संभावित विवाद की जमीन तैयार करते हैं। पहली बात तो यह कि एनसीएलएटी ने एक ऐसे क्षेत्र में प्रवेश किया है जो स्पष्ट रूप से देश के केंद्रीय बैंक के क्षेत्राधिकार में आता है। किसी ऋण को फंसा हुआ कर्ज माना जाए या नहीं यह निर्धारित करने का काम पूरी तरह उसके अधिकार क्षेत्र की बात है। आरबीआई बीते तीन वर्ष से लगातार देश के बैंकिंग क्षेत्र में फंसे हुए कर्ज की पहचान और उसकी प्रोविजनिंग के लिए प्रयासरत है और एनसीएलएटी का यह निर्णय स्पष्ट तौर पर इन प्रयासों को सीमित करता है। ऐसे न्यायिक हस्तक्षेप से बचने की आवश्यकता है। इसमें दो राय नहीं है कि अगर देश का बैंकिंग क्षेत्र एनसीएलएटी का अनुसरण करता तो वह आरबीआई के परिसंपत्ति वर्गीकरण के नियमों का उल्लंघन होता। यह निर्णय आरबीआई के उस कदम के खिलाफ है जो वह नियामकीय सहनशीलता के खिलाफ उठा रहा है। ऐसे समय में जबकि आरबीआई की स्वायत्तता में निरंतर हस्तक्षेप हो रहा है, उसकी स्वायत्तता और प्राधिकार की दृष्टि से यह कदम कतई अच्छा नहीं कहा जा सकता है। यह आरबीआई के उन प्रयासों के खिलाफ है जो यह सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं कि ऋण की वरीयता को नुकसान न पहुंचे। आरबीआई ने अतीत में जब यह कहा कि नियामकीय प्रयास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि देनदारी में चूक की पहचान और प्रोविजिनिंग को डिफॉल्ट की वजह से अलग रखा जाए।

एक और वजह है जो आरबीआई के हस्तक्षेप की जरूरत बताती है। एनसीएलएटी का निर्णय सीधे तौर पर बैंक के आम जमाकर्ता के हित को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए क्योंकि फंसे हुए कर्ज की पहचान हो या नहीं लेकिन बैंकों को आईएलऐंडएफएस जैसे ऋण पर ब्याज नहीं मिलता है। इसका असर जमाकर्ताओं को मिलने वाले ब्याज पर पड़ता है। आरबीआई ऐसा नहीं होने दे सकता। दूसरी बात, यह आदेश आईएलऐंडएफएस के वित्तीय कर्जदाताओं के बीच भेद करता है। यह बैंकों को फंसे कर्ज की प्रोविजनिंग टालने का अवसर देकर राहत देता है जिससे उनकी बैलेंस शीट प्रभावित नहीं होती जबकि बॉन्ड धारकों और म्युचुअल फंड धारकों को यह सुविधा नहीं है। तीसरी बात, बैंक के भीतर भी यह आदेश बुरा संदेश देता है। यह उन बैंकों को दंडित करता है जो पहले ही आईएलऐंडएफएस को दिए फंसे कर्ज की प्रोविजनिंग कर चुके हैं। आदेश बैंकों को यह कहने के लिए प्रोत्साहित करता है कि कुछ नहीं हुआ है। अहम बात यह है कि यह कुछ बैंकों को तात्कालिक राहत ही देगा। यह मानना गलत होगा कि आईएलऐंडएफएस का मुद्दा अपनी तरह का इकलौता मामला है क्योंकि एनसीएलएटी का आदेश नजीर बन सकता है। आरबीआई अब तक खामोश है लेकिन वह अपनी स्थिति स्पष्ट करे तो बेहतर होगा।

बिनय सिन्हा

इमरान के समक्ष विकल्प नेतृत्व करें या अनुसरण

बीते पांच दशक में पाकिस्तान का कद, उसे मिलने वाला समर्थन और उसका आर्थिक दर्जा, तीनों कमजोर पड़े हैं। बालाकोट के बाद इमरान खान के पास अवसर है कि वह हालात बदल सकें।

राष्ट्र की बात

शेखर गुप्ता

आज अगर पाकिस्तान की बात आती है तो दो तरह की चुनौतियां सामने हैं। पहली बात, किस पर ध्यान दें इतिहास पर, भूगोल पर या फिर राजनीति पर? दूसरा आप इनमें से जो भी चुनें, शुरुआत कहां से करेंगे? मिसाल के तौर पर विंग कमांडर अभिनंदन की वापसी के बाद मैं इस आलेख की शुरुआत 2019 से भी कर सकता था। या फिर 2009, 1999, 1989 या 1979 से भी। परंतु मैं आपको 1969 में लिए चलता हूं। हालांकि बहुत जल्दी ही मैं 2019 पर लौट आऊंगा।

सन 1967 में इजरायल ने मुस्लिम देशों को छह दिन के युद्ध में बुरी तरह पराजित किया था। इन मुस्लिम देशों ने सन 1969 में इस्लामी सम्मेलन संगठन (ओआईसी) बनाने का निर्णय किया। इंदिरा गांधी ने तत्कालीन मंत्री (जो बाद में राष्ट्रपति बने) फखरुद्दीन अली अहमद को भारतीय प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख बनाकर भेजना तय किया। नाराज पाकिस्तान ने इसे रोकने का प्रयास किया और उसे इस्लामी दुनिया की सहानुभूति मिली। इस्लाम जगत ने यह दलील स्वीकार कर ली कि उस वक्त सबसे बड़ी आबादी वाले मुस्लिम देश के बिना कैसा ओआईसी? उस वक्त तक पाकिस्तान का बंटवारा नहीं हुआ था। भारत को नकार दिया गया और शर्मिंदगी झेलनी पड़ी।

अब वापसी करते हैं 50 वर्ष बाद के समय यानी 2019 पर। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को ओआईसी की बैठक में माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। वहां उन्होंने एक बेहतरीन भाषण दिया जिसमें कहा गया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाला मुल्क है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम भारत की विविधता का हिस्सा हैं और उनमें से 100 से भी कम ने आईएसआईएस में शिरकत की।

इसमें दो राय नहीं कि उनकी पार्टी द्वारा देश के मुस्लिमों को हाशिये पर धकेलने और अलग थलग करने तथा कश्मीरियों की दुष्ट छवि बनाने को लेकर कई वाजिब सवाल किए जाएंगे लेकिन कृपया इस बात की अनदेखी न करें कि एक हिंदू राष्ट्रवादी सरकार की शीर्ष महिला नेता दुनिया भर के मुस्लिमों के समक्ष उपरोक्त बातें कह रही है। विडंबना यह है कि भारत को दिए आमंत्रण के विरोध में पाकिस्तान ने आईओसी के आयोजन में शिरकत तक नहीं की। पांच दशक पहले पाकिस्तान के पास यह ताकत थी कि वह प्रमुख इस्लामी संगठन में भारत की उपस्थिति को वीटो करे। । आज वह केवल क्षुब्ध होकर बहिष्कार कर सकता है। पाकिस्तान जो 20 करोड़ की आबादी और नाभिकीय हथियारों और मिसाइलों के साथ खुद को इस्लाम का किला कहता है, उसकी इतनी दुखद स्थिति कैसे बनी?

अब 40 वर्ष पीछे चलते हैं, सन 1979 में। पाकिस्तान को सन 1971 की जंग में हार का सामना करना पड़ा था और उसके दो टुकड़े हो गए। वह अभी अपने आपको संभालने में लगा था। उसी वक्त सोवियत संघ ने अफगानिस्तान पर हमला किया। अमेरिका और सऊदी अरब जैसे उसके साझेदार तथा चीन भी उस क्षेत्र में आ गए। जिसे अब अफ-पाक क्षेत्र कहा जाता है वह उस दौर का चर्चित युद्ध क्षेत्र था। पाकिस्तान उनका स्वैच्छिक और अनिवार्य सहयोगी बना। इसके बाद इस क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना को नि:शुल्क और आसानी से हथियारबंद बनाने की शुरुआत हुई। इससे नए तानाशाह जिया उल हक मजबूत हुए और खुद को इस जिहाद का सच्चा कमांडर मानने लगे।

यह नई ताकत उनके सर चढ़कर बोलने लगी। उन्हें लगा कि अगर वे एक महाशक्ति के खिलाफ युद्ध का नेतृत्व कर सकते हैं तो भारत के खिलाफ क्यों नहीं? भारतीय पंजाब में आतंकवाद की शुरुआत सन 1981 में हुई। उसके अगले वर्ष वहां एके-47 और आरपीजी-7 ग्रेनेड लॉन्चर का आगमन हुआ। ये अफगान जिहादियों के इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार थे।

मेरी पहली पाकिस्तान यात्रा सन 1985 की गर्मियों में हुई जब यह सिलसिला जोर पकड़ रहा था। मैं इंडियन एयरलाइंस के विमान का अपहरण करने वाले सिख अपहरणकर्ताओं के मामले की सुनवाई कवर करने गया था। मैं दोनों देशों के आम लोगों की समृद्धि, जीवन स्तर, बुनियादी ढांचे और यहां तक कि दूरसंचार सेवाओं के स्तर में अंतर को देखकर अचंभित था। इंटरनेट के आगमन के पहले ये सेवाएं पत्रकारों के लिए ऑक्सीजन की तरह थीं। संक्षेप में सन 1985 में आम पाकिस्तानी, औसत भारतीय से बेहतर जीवन जीता था। आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान की प्रतिव्यक्ति आय भारत से 60 फीसदी अधिक थी।

एक बार फिर रुख करते हैं 2019 का। आज औसत भारतीय व्यक्ति किसी आम पाकिस्तानी की तुलना में 25 फीसदी अधिक कमाता है। आखिर कैसे पाकिस्तानी अपने इस नए भू राजनैतिक मूल्य के बावजूद न केवल 60 फीसदी की पुरानी बढ़त गंवा बैठे बल्कि 25 फीसदी और पिछड़ गए। यह अंतर सालाना 5 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था पाकिस्तान से तीन फीसदी तेज गति से बढ़ रही है जबकि पाकिस्तान की आबादी भारत से दोगुनी तेजी से बढ़ रही है। यह कैसे हुआ? जुल्फिकार अली भुट्टो ने भारत के खिलाफ 1,000 वर्ष तक जंग लड़ने की धमकी दी थी। परंतु सन 1969 के बाद के 50 वर्ष में ही पाकिस्तान का कद इस कदर घट चुका है कि इस्लामी जगत भी भारत को तरजीह दे रहा है। जिहाद को अपनाने के बाद के 40 वर्ष में पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था नष्ट हो चुकी है। पाकिस्तान ने भारत के साथ रक्त संघर्ष की केवल इतनी कीमत नहीं चुकाई है। यह सिलसिला जारी है। सन 1989 तक पराजित सोवियत संघ अफगानिस्तान से बाहर निकलने की शर्तों पर चर्चा कर रहा था। जीत के खुमार में पाकिस्तान ने अपना ध्यान पूर्व की ओर लगाना शुरू कर दिया। यह लगभग वही समय था जब जम्मू कश्मीर में मौजूदा संकट की शुरुआत हुई। खाकी वर्दी वाले स्वयंभू गाजी अब वह जिहाद जीतने जा रहे थे जो उनके लिए वाकई मायने रखते थे। अगले तीन वर्ष जमकर खून खराबा हुआ। कश्मीर और पंजाब में हजारों लोगों की जान गई।

परंतु इस बीच पाकिस्तान में कुछ आंतरिक बदलाव आए। लोकतांत्रिक ताकतों ने वापसी की और जिया उल हक के वारिस राजनेताओं के साथ आंतरिक लड़ाई में उलझे रहे। नवाज शरीफ जो सेना के प्रिय थे, वह भी शांति की वकालत करने लगे। उन्होंने कश्मीर में अशांति फैलने के एक दशक बाद जनवरी 1999 में वाजपेयी के साथ शांति स्थापना की प्रक्रिया शुरू की। उनकी सेना ने उन्हीं दिनों करगिल में घुसपैठ की।

पाकिस्तान हार गया और दो बड़े बदलाव हुए। पहला, इस व्यापक वैश्विक दृष्टि का अंत हो गया कि कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है। अब इस बात पर सहमति बनी थी कि नियंत्रण रेखा स्वत: सीमा है और उसका सम्मान किया जाना चाहिए। दूसरी बात, उसी वर्ष पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार का अंत हो गया। परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्ता पलट दिया। उन 10 वर्षों में पाकिस्तान कश्मीर पर नैतिक रूप से भी कमजोर पड़ गया और सैन्य शासन की वापसी हो गई। इन सबके पीछे वही आत्मघाती रुख जिम्मेदार था। तब से अब तक काफी कुछ हो चुका है। 26/11 के आतंकी हमले ने उसे वैश्विक स्तर पर जिहाद के गढ़ का दर्जा दिलाया। करगिल के दौरान और संसद पर हमले के बाद दुनिया भारत के साथ हो गई क्योंकि उसने जिम्मेदारी का परिचय दिया।

आज भारत के प्रतिकार के बाद भी सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात उसके साथ हैं। बीते 50 वर्ष में पाकिस्तान ने इस्लामी दुनिया में अपना कद गंवाया। अब न सऊदी अरब उसके साथ है, न ईरान। बीते 40 साल में उसकी प्रतिव्यक्ति आय भारत की तुलना में 90 फीसदी तक गिरी। बीते 30 साल में भारतीय पंजाब और कश्मीर में उसे नाकामी हासिल हुई। उसके यहां जिहादियों का बोलबाला हुआ। बीते दो दशक में नियंत्रण रेखा स्वत: कश्मीर की सीमा बन गई। किसी के पास अब यह धैर्य नहीं था कि आतंक को नीतिगत उपाय के रूप में मान्यता दे। भारत ने पाकिस्तान में जो बमबारी की उसका किसी ने सांकेतिक विरोध भी नहीं किया। भारत और विश्व पाकिस्तान को ऐसा देश मानते हैं जो परमाणु हथियारों की शेखी बघारता है। इमरान खान अतीत का सिलसिला जारी रख सकते हैं या नई शुरुआत भी कर सकते हैं। यह जोखिम भरा होगा लेकिन इसमें सफलता की संभावना है। अगर वह ऐसा नहीं करते तो दो बातों की गारंटी है: उनकी नाकामी और प्रतिभाशाली लोगों, मजबूत राष्ट्रवाद, उसकी ईश्वर प्रदत्त भौगोलिक स्थिति और मजबूत सेना के बावजूद देश का पराभव।

हमारे वक्त के दो गड़बड़ मुल्क पाकिस्तान और उत्तर कोरिया

सम सामयिक

टीसीए श्रीनिवास-राघवन

मेरे मन में एक सवाल है जिसका उत्तर कतई आसान नहीं है। उत्तर कोरिया जो समूचे दक्षिण कोरिया पर दावा करता है, उसने पाकिस्तान की तरह व्यवहार क्यों नहीं किया? पाकिस्तान भारत के एक अत्यंत छोटे से भूभाग पर लगातार अपना दावा करता आ रहा है। क्योंकि तमाम अन्य क्षेत्रों में उत्तर कोरिया और पाकिस्तान के बीच अलग करने जैसी कोई बात ही नहीं है। दोनों एक ही थैली के चट्टेबट्टे नजर आते हैं।

दोनों देश लगभग एक ही समय अपने औपनिवेशिक शासकों से आजाद हुए। कोरिया को 1945 में आजादी मिली और पाकिस्तान का निर्माण सन 1947 में हुआ। दोनों का जन्म बंटवारे की वजह से हुआ। एक विभाजन साझा लेकिन अनिच्छा भरी सहमति से हुआ। दूसरे के लिए अमेरिका और रूस ने मजबूर किया।

ब्रिटिश शासकों को लगा कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपना-अपना शासन संभाल सकते हैं जबकि रूस और अमेरिका को लगा कि कोरिया स्वशासन के लिए उपयुक्त नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश शासक भारत और पाकिस्तान को तो उनके भरोसे छोड़ गए लेकिन रूस और अमेरिका ने उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया को अपने-अपने संरक्षण में ले लिया। बाद के दिनों में जहां भारत और दक्षिण कोरिया में स्वशासन की काबिलियत नजर आई, वहीं पाकिस्तान और उत्तर कोरिया में यह क्षमता उस कदर नहीं नजर आई।

पाकिस्तान ने भारत से विभाजन के दो महीने के भीतर ही युद्ध का आगाज कर दिया। उत्तर कोरिया ने 1950 में दक्षिण कोरिया के साथ युद्ध शुरू कर दिया। सन 1953 में उसकी सेना को हार का सामना करना पड़ा और सन 1953 में ही कोरिया का औपचारिक विभाजन पूरा हुआ। ठीक यही बात पाकिस्तान के साथ घटित हुई और वह 1971 में दो टुकड़ों में बंट गया।

दोनों कोरिया के बीच अब असैन्य क्षेत्र (डीएमजेड) है। भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा या एलओसी है। रूस ने उत्तर कोरियाई सेना को प्रशिक्षित किया और उसे हथियार दिए। उसने उन्हें परमाणु तकनीक भी उपलब्ध कराई।

अमेरिका उस हद तक तो नहीं गया लेकिन उसने भी पाकिस्तान को हथियार मुहैया कराए। सन 1980 के दशक में जब पाकिस्तान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में बढ़ रहा था तब भी अमेरिका ने अपनी आंखें मूंदे रखीं।

सन 1990 के दशक में रूस ने उत्तर कोरिया का साथ छोड़ दिया और सन 1990 के दशक में अमेरिका ने भी पाकिस्तान को त्याग दिया। दोनों की वजह एक ही थी। उन्हें ये देश मुसीबत नजर आने लगे थे।

अमेरिकी दबाव से मुक्त होने के बाद पाकिस्तान ने सन 1998 में परमाणु परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने 2006 में यह परीक्षण पूरा किया। आज दोनों चीन के संरक्षण में हैं। इन दोनों देशों के खिलाफ किसी भी तरह के अंतरराष्ट्रीय सहयोग की स्थिति में चीन अपने वीटो अधिकार का प्रयोग करता है। उत्तर कोरिया की आर्थिक स्थिति बुरी तरह बिगड़ी हुई है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की हालत भी कोई अच्छी नहीं है।

परंतु दोनों के बीच समानताओं का सिलसिला वहीं समाप्त हो जाता है। उत्तर कोरिया ने शुरुआत में कुछ आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया लेकिन 1983 में उसने इनसे निजात पा ली। पाकिस्तान ने उसी साल अक्टूबर महीने में उसने इसका आगाज किया।

उत्तर कोरिया के सैनिकों ने कुछ अवसरों पर असैन्यीकृत सीमा का उल्लंघन करने का प्रयास किया। उसने पश्चिमी सागर में उत्तरी सीमा का भी उल्लंघन किया। परंतु पाकिस्तान ने ऐसी हरकत कई बार की। उसने एक बार नहीं बल्कि चार अवसरों पर नियंत्रण रेखा पर लड़ाई तक छेड़ दी। इस मानक पर तो पाकिस्तान उत्तर कोरिया से मीलों आगे नजर आता है।

उत्तर कोरिया की सेना को यह पता है कि उसकी सीमा क्या है और वही उसी अनुरूप व्यवहार करता है। पाकिस्तानी सेना किसी सीमा को नहीं मानती है और वह जहां अवसर मिलता है वहां खुराफात कर बैठती है।

एक अंतर यह है कि पाकिस्तान अपनी सरकार के प्रमुखों का चुनाव निर्वाचन के माध्यम से करता है जबकि उत्तर कोरिया में यह आनुवांशिक तरीके से होता है। परंतु दोनों देशों की असली ताकत उनकी सेना में निहित है। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री सेनाध्यक्ष को नियुक्त करता है लेकिन उस पर नियंत्रण उसी सेनाध्यक्ष का होता है। उत्तर कोरिया में सबकुछ वहां के शासक के हाथ में है लेकिन वहां भी सेना की ताकत ही सर्वोपरि है। अगर सेना चाहे तो उसे एक क्षण में हटा सकती है।

पाकिस्तान में सक्रिय राजनीति है, जीवंत नागरिक समाज है, एक हद तक स्वतंत्र मीडिया और अच्छी न्यायपालिका भी है। उत्तर कोरिया में इसका ठीक उलट सच है। पाकिस्तान के लोगों में हास्यबोध है जबकि उत्तर कोरिया में तो किसी के नागरिक के हंसने तक पर उसके नेता का ही अधिकार है।

एक वक्त था जब अमेरिका पाकिस्तान से लाड़ लड़ाता था और उत्तर कोरिया के साथ किसी उपद्रवी की तरह व्यवहार करता था। अब मामला एकदम उलटा हो चुका है। उत्तर कोरिया को अमेरिका समेत सभी देशों द्वारा उसके 65 साल के निर्वासन से उबारा जा रहा है। पाकिस्तान को अमेरिका समेत ये सारे देश पीछे धकेल रहे हैं। रूस अतीत में हमेशा पाकिस्तान की अनदेखी करता आया, अब वह उसे अलग-थलग करने की कोशिश का विरोध कर रहा है। वहीं चीन पुराने रिश्तों में नई जान फूंकने की कोशिश में लगा हुआ है।

इन बातों को लेकर हर किसी के मन में बुरी भावना है पाकिस्तान और उत्तर कोरिया पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि अन्य देशों में जहां देश के पास सेना होती है वहीं पाकिस्तान और उत्तर कोरिया में सेना के पास मुल्क है।

कानाफूसी

घटनाप्रधान महीना

मार्च का महीना आरंभ हो गया है और अब सबकी निगाहें इस बात पर होंगी कि आखिर आम चुनाव की तारीख कब घोषित की जाती हैं। पुराने कार्यक्रम के मुताबिक तो निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को 5 और 6 मार्च को जम्मू कश्मीर का दौरा करना था ताकि वहां चुनावी तैयारियों पर नजर डाली जा सके। इसके बाद 9 मार्च को चुनाव के बारे में अगली घोषणा की जानी थी। परंतु पुलवामा कांड के बाद बालाकोट में भारत के हवाई हमले के बाद हालात बदल गए हैं। सवाल यह है कि क्या अब भी निर्वाचन आयोग वहां जाएगा? सन 2004 में चुनाव की तारीख की घोषणा 6 मार्च को की गई थी और उसके तत्काल बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। ऐसे में कहा जा सकता है कि यह घोषणा अब किसी भी समय हो सकती है। मार्च में ही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की पहली किताब भी आने वाली है। इस किताब का नाम है, 'अगेंस्ट आउटरेज'। इस किताब का मसौदा तक किसी ने नहीं देखा है लेकिन यह किताब महत्त्वपूर्ण साबित हो सकती है।

आपका पक्ष

देश का जांबाज वीर अभिनंदन

देश के जांबाज सिपाही विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान आखिरकार देश वापस लौट आए हैं। इस मौके पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया की जर्सी वाली एक तस्वीर जारी की, जिस पर विंग कमांडर अभिनंदन और नंबर-1 लिखा है। बीसीसीआई ने यह जर्सी अभिनंदन के सम्मान में जारी की है। बीसीसीआई ने जर्सी वाली तस्वीर अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट की और लिखा, 'वेलकम होम अभिनंदन। आप आकाश में राज करते हैं और आप हमारे दिलों पर राज करते हैं। आपका साहस और गौरव टीम इंडिया की आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।' सोशल मीडिया पर बीसीसीआई से इस जर्सी को अभिनंदन को सौंपने की अपील की गई है। देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी देशवासियों ने पाकिस्तान से उनकी वापसी पर खुशी जाहिर की है। अभिनंदन ने पिछले सप्ताह अदम्य साहस का परिचय देते हुए मिग 21 विमान से पाकिस्तान के एफ-16 को मार गिराया था। पाकिस्तान में आतंकवाद के खात्मे को लेकर भारत ने यह कार्रवाई की थी। वहीं, पुलवामा आतंकी हमले के बाद बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को एक पत्र लिखकर आईसीसी और उसके सदस्य राष्ट्रों से आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों से संबंध खत्म करने की मांग की थी। हालांकि आईसीसी ने कहा कि इस तरह के मामलों में उसकी की कोई भूमिका नहीं है और किसी देश से क्रिकेट संबंधी रिश्ते तोड़ना उसके दायरे में नहीं है। लेकिन पुलवामा हमले के बाद पूरे विश्व को यह समझना होगा कि आतंकवाद का कोई देश या मजहब नहीं होता। यह सभी अमानवीय सीमाओं से परे है और इस सुंदर संसार को विकृत करता जा रहा है। विश्व के सभी देशों को एक साथ आकर इसके खिलाफ एकजुट होना होगा वरना बहुत अधिक देर हो जाएगी शायद आतंकवाद एक अनचाही वास्तविकता बन जाएगा।

दिव्या सिंह, नई दिल्ली

बीसीसीआई ने विंग कमांडर अभिनंदन के लिए नंबर-1 लिखी जर्सी जारी की है

धोखाधड़ी के नए तरीकों से बचें

आजकल साइबर धोखाघड़ी के लिए कई नए तरीके इस्तेमाल किए जा रहे हैं। कई हैकर किसी तरह पहले आपके फोन में एक ऐप इंस्टॉल कराते हैं और इसके जरिये वे व्यक्ति के फोन तक अपनी पहुंच बना लेते हैं। इससे बाद हैकर कई तरीकों से मोबाइल या वॉलेट संबंधी लेनदेन को अंजाम देता है। एक अन्य मामले में हैकर ने किसी व्यक्ति का खाता हैक करके राशि दूसरे व्यक्ति के खाते में भेज दी और उस दूसरे व्यक्ति से बैंक एटीएम खराब होने का बहाना बनाकर नगदी ले ली। ऐसे में दूसरा व्यक्ति इस मामले में फंस गया और पुलिस इसका संज्ञान ले रही है। आजकल धोखेबाज फोन कॉल करना, ओटीपी मांगना जैसे पुराने तरीकों को छोड़कर आगे बढ़ गए हैं। वे अब प्रलोभनों के स्थान पर तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें लोगों की गोपनीय और व्यक्तिगत जानकारी की पुष्टि करने वाला तरीका भी शामिल है। अगर समय रहते हमने बैंक या आरबीआई को नहीं बताया तो पूरा घाटा आपको खुद उठाना होगा। हमें इन मामलों में अधिक सतर्क रहना होगा और ऑनलाइन लेनदेन के समय सावधानी बरतनी होगी।

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in उस जगह का उल्लेख अवश्य करें, जहां से आप ईमेल कर रहे हैं।

जनसत्ता

4 मार्च, 2019

दुरंगी चाल

भारतीय वायु सेना के पाकिस्तान की सीमा में चल रहे आतंकी शिविरों पर लक्षित हमले के बाद पाकिस्तानी हुकूमत ने जिस तरह जंग को किसी के भी हित में न बताते हुए अमन का पैगाम देने की कोशिश की थी और बातचीत का सिलसिला शुरू करने की बात कही थी, उससे लगा था कि वह अब दोनों देशों के रिश्तों में तनाव खत्म करने को लेकर गंभीर है। पर हकीकत यह है कि वह कहता कुछ तथा करता कुछ और है। इसका ताजा उदाहरण फिर से संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए सीमारेखा पर रजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तानी सेना की तरफ से की गई गोलीबारी है। इस गोलीबारी में सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले चार भारतीय नागरिक मारे गए। सेना ने जवाबी हमला किया, जिसमें पाकिस्तान के भी चार नागरिक और दो रेंजर मारे गए। इसके पहले भी पुंछ की कृष्णा घाटी में पाकिस्तानी गोलीबारी से एक युवती और दो बच्चों की मौत हो गई थी। पिछले एक साल में पाकिस्तान सैकड़ों बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर चुका है। अगर वह सचमुच अमन चाहता, तो इस तरह संघर्ष विराम का उल्लंघन न करता।

वायुसेना के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में पाकिस्तान की निंदा हुई, उससे भी शायद उसने कोई सबक नहीं सीखा है। वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान ने वायुसेना हमले के बाद वीडियो संदेश देकर अमन की बात की थी, फिर अगले ही दिन उनके युद्धक विमान भारतीय सीमा में घुसे, जिसमें से एक को मार गिराया गया। तब फिर इमरान खान ने अपनी संसद में भारत को अमन की सीख दी और बातचीत की पेशकश करते हुए दुनिया के सामने अपना मानवीय चेहरा पेश करने का प्रयास किया। पर वह चेहरा उस वक्त बेनकाब हो गया जब भारत को इस्लामिक देशों के संगठन आइओसी के सम्मेलन में शामिल होने का न्योता मिलने पर पाकिस्तान ने उसका बहिष्कार कर दिया। अगर वह सचमुच भारत के साथ मसले सुलझाने को लेकर गंभीर होता, तो इतनी कटुता उसमें न होती। संघर्ष विराम को लेकर भी वह इतना लापरवाह शायद न होता। इमरान की अमन और तरक्की की बातों से एक बार को तो यही लगा था कि शायद सरकार, सेना और वहां की खुफिया एजंसी के बीच इस मसले को लेकर कोई सहमति बनी होगी। पर संघर्ष विराम उल्लंघन ने एक बार फिर यही साबित किया है कि पाकिस्तानी सेना का रुख बिल्कुल नहीं बदला है।

दरअसल, पाकिस्तान ऐसी दुरंगी चालें सदा से चलता रहा है। यह भी छिपी बात नहीं है कि वह संघर्ष विराम का उल्लंघन क्यों करता है। वह गोलीबारी करके भारतीय सैनिकों का ध्यान भटकाने का प्रयास करता है और फिर उसकी आड़ में चरमपंथियों को सीमा पार करने का प्रयास करता है। यह भी अकारण नहीं है कि जिस समय पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रही थी, उसी समय हंदवाड़ा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में पांच भारतीय जवान शहीद हो गए। सब जानते हैं कि पाकिस्तानी सेना चरमपंथियों को पोसती और फिर उन्हें भारत के खिलाफ इस्तेमाल करती है। इसलिए जब भी आतंकवाद पर रोक लगाने की बात होती है, पाकिस्तानी हुक्मरान पहले कश्मीर मसले के हल की बात उठा कर बात का रुख मोड़ देते हैं। पाकिस्तान के ऐसे दोहरे रवैये से भला कहां तक अमन और बातचीत के जरिए मसलों को हल करने की उम्मीद की जा सकती है।

सबूत और सवाल

आखिरकार पाकिस्तान को यह स्वीकार करना ही पड़ा कि जैश ए मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर उसके यहां रह रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री महमूद कुरैशी ने सीएनएन से बातचीत के दौरान पहली बार सार्वजनिक रूप से यह कबूल किया है। वरना अब तक मसूद अजहर की मौजूदगी को लेकर पाकिस्तान झूठ बोलता रहा है। कुरैशी की यह स्वीकारोक्ति ही इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान अपने यहां आतंकी संगठनों को पाले हुए है और इनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ छद्म युद्ध में कर रहा है। हालांकि भारत तो लंबे समय से इसके ठोस और अकाट्य प्रमाण देता रहा है, लेकिन पाकिस्तान हमेशा इन्हें खारिज करता रहा। ऐसे में अब मसूद अजहर के ठिकाने को लेकर तो कोई संदेह नहीं रह गया है। हालांकि बचते-बचते कुरैशी ने यह भी बता डाला कि मसूद इन दिनों गुर्दे की गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और वह घर से कहीं आ-जा नहीं सकता। कुरैशी इतना सब कुछ जानते हैं तो इससे स्पष्ट है कि मसूद अजहर की पल-पल की जानकारी उनके और उनकी सरकार के पास है।

मसूद अजहर लंबे समय से भारत के लिए वांछित है। मुंबई हमले से लेकर पठानकोट, उड़ी और नगरोटा में सैन्य और नागरिक ठिकानों पर आतंकी हमलों का साजिशकर्ता जैश का सरगना मसूद अजहर ही रहा है। हाल में पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकी हमले की जिम्मेदारी भी जैश ने ही ली। भारत पर जब-जब ये हमले हुए, जांच एजेंसियों ने पूरी जांच के बाद पुख्ता सबूत जुटाए और पाकिस्तान को सौंपे। लेकिन पाकिस्तान इन सबूतों को दूर, मसूद अजहर की अपने यहां मौजूदगी तक को मानने को तैयार नहीं था। लेकिन अब पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान जिस तरह से घिर गया है, उसी के दबाव में वह यह मानने को मजबूर हुआ कि मसूद उसके यहां है। इसलिए अब अगर पाकिस्तान वाकई शांति चाहता है तो उसे मसूद अजहर को भारत को सौंपने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। मसूद अजहर भारत में आतंकी हमले करवाने के मामले में वांछित है और उस पर भारतीय कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होगी, यह भारत की मांग है।

हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्री की बात से कोई बहुत उम्मीद नहीं लगती। कुरैशी ने भारत से ऐसे ठोस और अकाट्य सबूत देने को कहा है जो जिनसे पाकिस्तान की अदालत में टिक सकें। जबकि हाल में भी भारत ने जो डॉजियर पाकिस्तान को सौंपा है उसमें मसूद अजहर से संबंधित सारे ठोस प्रमाण हैं। पाकिस्तान की मंशा मामले को सबूतों के जाल में फंसाए रखने की है। अगर भारत द्वारा दिए गए सबूतों को पाकिस्तान की अदालत खारिज कर देती है, तो क्या इससे उस पर सवालिया निशान खड़े नहीं होते? सिर्फ भारत ही नहीं अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन तक मसूद अजहर को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित आतंकी सूची में डालने के लिए प्रयासरत हैं। तब ऐसे में मसूद को आतंकी मानने के लिए पाकिस्तान को किस सबूत की जरूरत रह जाती है? जिसे दुनिया के ज्यादातर देश आतंकी करार दे चुके हैं, उसके बारे में पाकिस्तान का सबूत मांगना हास्यास्पद ही है। मसूद अजहर, हाफिज सईद जैसों को आतंकी मानने के लिए क्या अब किसी सबूत की जरूरत रह गई है! इमरान खान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पहले और बाद में साफ कहा था और आज भी कह रहे हैं पाकिस्तान शांति चाहता है और इसके लिए भारत एक कदम बढ़े तो वह दो कदम बढ़ने को तैयार है। तो अब मौका है जब इमरान खान पहल करें और जिन-जिन आतंकियों को भारत मांग रहा है, उन्हें भारत के हवाले करें।

कल्पमेधा

युद्ध मानव जाति का विनाशक है। इसलिए उससे बचने के सभी उपाय काम में लिए जाने चाहिए।

– महात्मा गांधी

आदिवासियों पर संकट

अमरेंद्र किशोर

आर्थिक वैश्वीकरण ने सारी दुनिया में ऊर्जा और कच्चे माल के लिए कभी न मिटने वाली भूख को तेज कर दिया है। ऐसे में सवाल यह है की क्या आदिवासियों के दावों को खारिज किए जाने के पीछे खनन कंपनियों के लिए अपने खनिज के साथ जंगलों को साफ करने की कोई सरकारी 'योजना' तो नहीं है? जब आदिवासी अपने मूल से उजड़ेंगे तो जाएंगे कहां?

वर्ष 1854 में अमेरिका के रेड इंडियन कबीले के सरदार ने वाशिंगटन के उस व्यापारी को पत्र लिखा था, जो आदिवासियों की जमीन खरीदना चाहता था। सरदार ने लिखा था- 'कोई आकाश या पृथ्वी की आभा कैसे खरीद या बेच सकता है? हवाओं की ताजगी या जल की चमक के जब हम मालिक नहीं हैं, तो तुम उन्हें कैसे खरीद सकते हो?' उसने आगे लिखा था, 'गोरे लोग जब मर कर सितारों के बीच चले जाते हैं तो वे अपने उस देश को भूल जाते हैं जहां वे पैदा होते हैं, लेकिन हमारे लोग तो मर कर भी इस जमीन को कभी नहीं भूल पाते क्योंकि वह उनकी मां होती है।'

क्या भारत के आदिवासियों का दर्द रेड इंडियन कबीलों की पीड़ा और हताशा से अलग है? हरगिज नहीं! आजादी हासिल करने की कीमत देश के आदिवासियों ने भी चुकाई है, यह एक सच्चाई है। यह बात दूसरी है कि उनके बलिदान की गाथा गाने वाला न कोई लोकगायक रहा और न उन वीर आदिवासियों के साहसिक और पराक्रमी उपाख्यानों को किसी ने तरीके से बांचने की जरुरत समझी गई। ग्रंथों की गवाही है कि अनेकानेक कालखंडों में फलती-फूलती सभ्यताओं की करारी मार उनके ऊपर पड़ती रही है। अलबत्ता, उन जुल्मों को सहने की ताकत कुदरत ने उन्हें जरूर दी है और उन पर हुए 'अन्याय' का अफसोस देश की संसद को भी है।

लेकिन पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय के एक ऐतिहासिक आदेश में खुद को जंगल का निवासी सिद्ध करने में विफल रहे 'अवैध कब्जेदारों' को जंगलों से बेदखल करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट में राज्यों द्वारा दायर हलफनामों के अनुसार, वन अधिकार अधिनियम के तहत अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों द्वारा किए गए लगभग ग्यारह लाख बहत्तर हजार नौ सौ इकत्तीस भूमि स्वामित्व के दावों को विभिन्न आधारों पर खारिज कर दिया गया। इनमें वे लोग शामिल हैं जो ये सबूत नहीं दे पाए कि कम से कम तीन पीढ़ियों से भूमि उनके कब्जे में थी। अदालत का यह आदेश एक ऐसी याचिका पर आया था जिसमें वन अधिकार अधिनियम की वैधता पर सवाल उठाया गया था। याचिकाकर्ता ने पारंपरिक वनभूमि पर दावे खारिज करने की मांग की थी। आश्चर्य की बात है कि सरकार ने बचाव के लिए अपने वकील ही नहीं भेजे और मामले की सुनवाई कर रहे पीठ ने 17 जुलाई तक उन सभी आदिवासियों की बेदखली का आदेश दे दिया जिनके दावे खारिज हो गए हैं। इस आदेश से देशभर में तकरीबन दस लाख लोगों को जंगल खाली करने की नौबत आ गई। ये लाखों लोग वे हैं जो सदियों से जंगलों, पहाड़ों, तराई और वहां के मैदानी इलाकों में रहते चले आ रहे हैं। इन्हीं लोगों को आजादी मिलने के बाद भारत सरकार ने अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया था।

मगर पूरे मामले का मानवीय पहलू इतना संजीदा है कि सुप्रीम कोर्ट को आदिवासियों और वनवासियों को बड़ी राहत देनी पड़ी। इन आदिवासियों का अपना पक्ष है और जंगलों में उनकी उपस्थिति के अपने तर्क हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए फिलहाल उन्हें बेदखल नहीं करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। मगर सुप्रीम कोर्ट ने यह जरूर जानना चाहा कि अभी तक सरकारें सोई क्यों रही? वाजिब-सी बात है कि आदिवासियों के पक्ष को सुनने में कोर्ट की अभिरुचि जरूर है, क्योंकि राज्य और जिला स्तर पर सरकार और प्रशासन के कार्य-प्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी है। शुरू से ही जनसंगठनों और समाज विज्ञानियों ने अधिनियम के मानकों और कसौटियों पर सवाल उठाए हैं। आज भी सरकार न आदिवासी शब्द को स्पष्ट कर सकी है यानी किसे कहेंगे आदिवासी।

वस्तुस्थिति यह है कि देश का संविधान अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित नहीं करता है, इसलिए अनुच्छेद 366(25) अनुसूचित जनजातियों का संदर्भ उन समुदायों के रूप में करता है जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 342 के अनुसार अनुसूचित किया गया है। तब उन लोगों के आदिम लक्षणों, भौगोलिक अलगाव, विशिष्ट संस्कृति, बाहरी समुदाय के साथ संपर्क में संकोच और आर्थिक पिछड़ेपन को आधार मान कर देश की कल्याणकारी व्यवस्था में सुविधाओं से सीधे जोड़ा गया। इन्हें देश का मूल बाशिंदा कहते हुए सरकार और संसद ने भी माना कि 'जंगलों पर पहला अधिकार आदिवासियों' का है और इसी वजह से वनाधिकार अधिनियम 2006 अस्तित्व में आया था। यह कानून 31 दिसंबर 2005 से पहले कम से कम तीन पीढ़ियों तक वन भूमि पर रहने वालों को भूमि अधिकार देने का प्रावधान करता है। प्रावधान के मुताबिक दावों की जांच जिला कलक्टर की अध्यक्षता वाली समिति और वन विभाग के अधिकारियों के सदस्यों द्वारा की जाती है। इस अधिनियम के तहत मूल बाशिंदों को जंगलों से वनोपज जुटाने और उन्हें बेचने के साथ ही कुछ अन्य खास सुविधाएं दी गईं जिससे जन और वन के बीच के संबंधों की न सिर्फ व्याख्या हुई बल्कि उसे फिर से जिंदा किया गया। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों को अब चार महीने की मोहलत दी है ताकि सरकारें यह बता सकें कि भारी संख्या में दावों के खारिज किए जाने की वजह क्या रही है। खारिज होते दावों को देख कर आदिवासी निराश हो गए, क्योंकि उनमें से कइयों के पास अपनी जमीन का खतियान नहीं था और न ही वह अपने को सिद्ध कर पाए कि वे सदियों से अपने गांव में रहते चले आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को भी गंभीरता से लिया है।

देश भर से वन समुदायों से शिकायत यही आई है कि सबूतों के अभाव और प्रक्रियाओं की जानकारी के अभाव के कारण और वन विभाग द्वारा सबूत नहीं दिए जाने के कारण आदिवासी अपनी पैरवी ठीक ढंग से नहीं कर पाए और आखिरकार उनके दावे निरस्त हो गए। दुखद पहलू यह है कि जब उच्चतम न्यायालय में इस प्रकरण की सुनवाई हो रही थी उस समय केंद्र सरकार को आदिवासी और वनवासी समाज का पक्ष मजबूती के साथ रखना था। लेकिन आदिवासी और वनवासी हितों के अधिकारों के लिए सरकार उदासीन रही, जिसका परिणाम भी अब सामने है।

वनाधिकार अधिनियम लागू होने के बाद लघु वनोपजों पर पहला और आखिरी अधिकार वहां के मूल बाशिंदों- आदिवासियों या वनों पर आश्रित समाज का हो गया जिससे वन विभागों को घोर ऐतराज था। इसलिए इस कानून के लागू होने के बारह साल बाद भी जमीन पर मालिकाना हक को लेकर दुविधा और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। तथ्य यह है कि अधिकारों की प्रक्रिया खराब कर दी गई है। अभी तक देश भर में इकतालीस लाख दावे दर्ज हुए जिनमें मात्र अठारह लाख दावों की मंजूरी दी गई है। मध्यप्रदेश और ओड़िशा में सबसे ज्यादा दावे खारिज किए गए। कई राज्यों में ग्राम सभा कारगर नहीं है, जो दावे की वास्तविकता का आकलन करने के लिए सबसे विश्वसनीय इकाई है। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी कि 'यह कानूनी समस्या से कहीं ज्यादा मानवीय समस्या है', राज्यों के वन विभाग के नाकारेपन की ओर स्पष्ट इशारा है।

आर्थिक वैश्वीकरण ने सारी दुनिया में ऊर्जा और कच्चे माल के लिए कभी न मिटने वाली भूख को तेज कर दिया है। ऐसे में सवाल यह है की क्या आदिवासियों के दावों को खारिज किए जाने के पीछे खनन कंपनियों के लिए अपने खनिज के साथ जंगलों को साफ करने की कोई सरकारी 'योजना' तो नहीं है? जब आदिवासी अपने मूल से उजड़ेंगे तो जाएंगे कहां?

भावों की भाषा

राकेश बाजिया

दुनिया मेरे आगे

कहा जाता है कि भाषा मनुष्य को संपूर्ण चराचर जगत से अलग करती है। यह भाषा ही है जिसके चलते मनुष्य अपनी अलग संस्कृति विकसित कर पाया। भाषा के आधार पर ही मनुष्य को जानवरों से श्रेष्ठ समझे जाने की मान्यता रही है। ऐसे में जब भी अकेले बैठ कर पशु-पक्षियों को देखता हूं तो भीतर कहीं एक साथ सैकड़ों प्रश्नों से मुखातिब होना पड़ता है। आमतौर पर ऐसे अनुभव जीवन में सहज ही होते रहते हैं, जहां भाषा मनुष्य और जानवर के बीच का फर्क बताती है। गांवों में कई बार खेती को नुकसान पहुंचाने वाले आवारा पशुओं को बांध कर भूखा रखा जाता है। ऐसे में वे निरीह पशु किस तरह अपने मौन में छिपी पीड़ा को प्रदर्शन करते होंगे? या फिर पालतू पशुओं को चारा डालने में हुई देरी पर उनकी किस तरह की प्रतिक्रिया होती होगी? इसी तरह देखें तो मनुष्यों में कोई छोटा बच्चा भूख लगने पर किस तरह रोकर अपनी जरूरत की भाषा गढ़ता है?

दरअसल, जानवरों के बारे में अक्सर पढ़े-लिखे लोगों को यह कहते सुनता हूं कि जानवरों के पास कोई भाषा नहीं होती तो सोचता हूं कि हर कोई अपने घर तक आए जानवरों को दुत्कार देता है और पंछियों को उड़ा देता है, बिना यह सोचे कि ये सभी जगहें जिन्हें हम सभ्य कहे जाने वाले इंसानों ने कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। हो सकता है कि कभी यहां इन पशु-पक्षियों के पुरखों के आसरे रहे होंगे, वरना ये सब हमारे पास क्या लेने आते!

भूमंडलीकरण की प्रक्रिया में शहरीकरण ने साहित्य में भी पशु-पक्षियों की जगह कृत्रिम उत्पादों को भरने के भरसक प्रयास किए हैं। किसी समय किस्से या कहानियों में इंसानों के साथ बाकी जीवों का आना-जाना भी सहज मगर विशिष्टता लिए होता था। अन्यथा प्रेमचंद के 'झबरे' और महादेवी के गिल्लू को कौन-सी भाषा आती थी? एक बार घर लौटते समय पिताजी के साथ आए एक नन्हें शावक की बरबस ही याद आ जाती है। उसने दूसरे आवारा जानवरों के आक्रामक रवैये से बचने के लिए पिताजी का आसरा लिया और इनके साथ घर तक आ गया। रास्ते में जब उसने अपनी भूख का इजहार किया होगा तो इन्होंने किसी ढाबे से लेकर उसे दूध पिला दिया था। पता नहीं, किन वजहों से उसे 'जर्मन' कह कर पुकारा जाने लगा। इसके बाद किसी की जुबान से अपना नाम 'जर्मन' सुन कर वह दौड़ा चला आता था। गांव भर के बच्चों के साथ 'बच्चों' की तरह खेलता और अभिभावक-सा खयाल रखता। कभी खेत में काम करने जाती हुई किसी स्त्री के साथ चला जाता तो कभी उधर से गुजरते किसी पुरुष के साथ लौट आता।

सोचता हूं कि जब वह पूरे गांव का चहेता बन गया, फिर भी उस पहले दिन की बात को उसने अपने जेहन में जैसे छिपा कर रखा होगा! यह हम कई बार देखते थे कि जब पिताजी के देर से आने पर भी वह उसी तरह उनके समक्ष प्रेम का प्रदर्शन करता था। दुत्कारने पर भी कभी उनके पांवों में लोटता, कभी सीधा खड़े होने की कोशिशें करता, तरह-तरह की आवाजें निकालता और अपने होने से कहीं ज्यादा वह उन्हें रिझाने का एक अवसर न छोड़ता। उसके रहते मां अपनी गाय, भैंस और बकरियों की रखवाली के लिए निश्चिंत रहती। कई बार हम लोग जब पढ़ने वापस शहर आते तो स्टेशन तक हमारे पीछे-पीछे चला आता, जैसे छोड़ने आया हो और उसे वापस जाने के लिए दुत्कारने पर भी एक न सुनता। सोचता हूं कि हर दुत्कार के पीछे छिपा प्रेम उसे कैसे समझ आ जाता था!

अपने जेहन में उठे अनगिनत प्रश्नों की कड़ी में आखिर प्रश्न यही होता की जब पशु-पक्षियों की कोई भाषा नहीं होती तो वे इतनी सहजता से कैसे अपने मनोभावों का प्रदर्शन कर जाते होंगे। लेकिन अगर घंटों तक पशु-पक्षियों के साथ वक्त बिताया जाए तो हम यह आसानी से समझ सकते हैं कि सभ्य समाज में जानवर कहलाने वाले जीव अक्सर प्रेम की भाषा को इस कदर समझते हैं कि अपने प्रति प्रदर्शित प्रेम की पाई-पाई चुकाने को हर क्षण तत्पर रहते हैं।

हम देखते हैं कि यों तो कोई पंछी जरा-सी आहट होने पर उड़ जाता है, लेकिन अगर कभी किसी पक्षी को एकटक आंखों में आंखें डाल कर देखा जाए तो वह कुछ पलों के लिए उड़ना भूल कर अपने नए साथी के भावों की भाषा पढ़ने की कोशिश जरूर करता है। पिछले दिनों 'जर्मन' के गुजर जाने की खबर सुनी तो एक बार दिल बैठ गया। मगर जब पूरा किस्सा सुना कि किस तरह पास के शहर से आए हुए पशु चिकित्सकों ने बूढ़े होकर आंखों कि रोशनी चली जाने से मरणासन्न अवस्था में पहुंच चुके 'जर्मन' के लिए गांव के छोटे बच्चे से लेकर बड़ों तक को चिंतित पाया, तो महसूस हुआ की 'जर्मन' के प्रेम की भाषा भी पूरा गांव समझता था।

भारत का हासिल

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआइसी) ने अपने गठन के पचास साल बाद पहली बार भारत की विदेश मंत्री को अतिथि के रूप में न्योता दिया। यह भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। अबु धाबी में हुए ओआइसी के विदेश मंत्री स्तर के सम्मेलन में भारतकी विदेश मंत्री ने अपनी बात रखी। इससे पहले 1969 में जब मोरक्को में इस संगठन की पहली बैठक हुई थी तो भारत को भी बुलाया गया था। लेकिन तब भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल को पाकिस्तानी सैन्य शासक जनरल याह्या खान के विरोध के चलते लौटा दिया गया था। आज उसी भूमिका में पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी दिखाई दे रहे हैं। ओआइसी में भारत को भी बुलाने की खबर से वे इतने बौखला गए कि उन्होंने बैठक का बहिष्कार ही कर दिया। इंडोनेशिया एवं पाकिस्तान के बाद भारत में ही सबसे अधिक मुसलमान रहते हैं। इसलिए हमें तो महज अतिथि नहीं, बल्कि स्थायी सदस्य के तौर पर वहां होना चाहिए ताकि पाकिस्तान द्वारा लगातार हमारे ऊपर जो मनगढ़ंत आरोप लगाए जाते हैं, उनका हम मुहतोड़ जवाब दे सकें। इस संगठन में सत्तावन देश हैं यानी दुनिया के एक चौथाई से भी अधिक देश। इस नाते इनके ऊपर इस्लामिक चरमपंथियों के खात्मे की दिशा में भी ठोस कदम उठाने का भी दायित्व आता है।

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

पाक को सबक

भारत ने जिस तरह से पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया है, वह अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण कूटनीति का हिस्सा है। यह भारत की सख्ती का ही नतीजा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान लगातार भारत से शांति की अपील कर रहे हैं। पाकिस्तानी वायु सेना द्वारा भारतीय सीमा का उल्लंघन करने पर भारतीय हवाई सेना ने उसे तुरंत जवाब दिया। जवाबी कार्रवाई में सेना ने उनके एक विमान को मार कर नीचे गिरा दिया। पाकिस्तानी वायु सेना का उद्देश्य भारतीय सेना को नुकसान पहुंचाने का था। भारतीय सीमा में दाखिल होने से पहले भारतीय वायुसेना ने उसे खदेड़ दिया। वास्तव में यह सेना की तत्परता ही थी जो बड़े नुकसान होते-होते बच गया। हालांकि इस कार्रवाई में हमारा भी एक विमान मिग-21 नष्ट गया। भारत सरकार ने अपने बहादुर पायलट को बचाने के लिए पाकिस्तान के साथ जो सख्ती और कूटनीति अपनाई, उसी से विंग कमांडर अभिनंदन की वापसी संभव हुई। पाकिस्तान का सदाबहार मित्र चीन भी अब उसका साथ छोड़ चुका है। चीन ने उसे कड़ी चेतावनी दी है। आतंकवाद के मुद्दे पर विभिन्न देशों जैसे अमेरिका, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान की निंदा की है। भारत द्वारा की गई कार्रवाई में विश्व के सभी मुल्कों ने भारत का समर्थन भी किया है। वास्तव में आतंकवाद पूरी मानव जाति के लिए खतरा है। इसे पूर्ण रूप से खत्म करने में ही भलाई है।

● *दुर्गेश शर्मा, गोरखपुर*

मीडिया की जिम्मेदारी

लोकतंत्र का एक स्तंभ मीडिया भी है। लेकिन इसकी गैर जिम्मेदाराना भूमिका चिंता का विषय बन गई है। आतंकवाद को लेकर हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है और देश युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। ऐसे में मीडिया की जिम्मेदारी बनती है कि वह संयम बरते और तथ्यपरक रिपोर्टिंग करे। यह हकीकत है कि देश में और सीमाओं पर जिस तरह से हमारे जवान शहीद हो रहे हैं उससे नागरिकों में गुस्सा और सहानुभूति उमड़ना लाजिमी है। ऐसे में मीडिया को जिम्मेदारी समझनी चाहिए। न्यूज रूम में बैठे एंकर इतने उत्तेजित और क्रोधित दिखते हैं कि वह ये भी भूल जाते हैं कि उनको क्या कहना चाहिए और क्या नहीं। खबर ब्रेक की होड़ में वे यह भी भूल जाते हैं कि कौन सी खबर राष्ट्र हित में है या नहीं। इसी का एक उदाहरण देखने को मिला कि हमारे एक जाबांज विंग कमांडर अभिनंदन को लेकर मीडिया ने टीआरपी बढ़ाने के चक्कर में उनकी पूरी जन्मकुंडली बता डालने से परहेज नहीं किया। अभिनंदन को लेकर मीडिया ने सारी सूचनाएं सार्वजनिक कर दीं। ऐसे में पाकिस्तान सौदे बाजी भी कर सकता था। नासमझी तो तब और भी बढ़ गई जब इमरान खान ने हमारे कमांडर को रिहा करने की बात की। तभी से मीडिया ने इमरान और उनकी सरकार को डरपोक कहना शुरू कर दी। मीडिया में बैठे लोगों को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा और पत्रकारिता की गरिमा को बचाना होगा।

● *मोहम्मद आसिफ, दिल्ली*

मानवीय पहल की मिसाल

जान जोखिम में डाल कर सीवरों में उतर कर सफाई करने वाले सफाई कर्मचारियों को दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने बड़ी राहत दी है। दिल्ली सरकार ने विदेशों से ऐसी पचास मशीनों को खरीदा है। सरकार का यह अतिप्रसंशनीय काम और बड़ा कदम है। अब सफाई कर्मचारियों को सीवरों में नहीं उतरना पड़ेगा। पिछले कुछ महीनों में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी सीवरों में दम घुटने से मारे गए। इस मानवीय और जरूरी कदम के लिए दिल्ली सरकार की जितनी प्रशंसा की जाए,कम है। इस काम से सभी सरकारों के कर्णधारों को प्रेरणा लेनी चाहिए जो अपनी सुखसुविधा और विलासिता के हर संसाधन को चुटकियों में हासिल करने को उद्यत रहते हैं, लेकिन सीवर सफाई के दौरान विषाक्त गैसों से दम घुटने से मरने वाले उन गरीबों के अनाथ बीबी बच्चों के लिए एकदम असहिष्णु बने रहते हैं! दिल्ली सरकार के इस अनुकरणीय पहल का देश के हर शहरों के नगर निगमों को अपने शहर में भी अनुसरण कर ऐसी मशीनों से ही सीवरों की सफाई कराने के प्रयास करने चाहिए, ताकि इन गरीब और कथित अंत्यज लोगों का व उनके परिवार का जीवन सुरक्षित रहे।

● *निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com